# डेली करेंट क्विज़

## (संग्रह)



## नवंबर भाग-2 2021

दृष्टि, 641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009

फोन: 8750187501

ई-मेल: online@groupdrishti.com

## प्रश्न भाग-2

1. निम्नलिखित में से कौन-सा नौसैनिक अभ्यास भारत द्वारा शांगरी ला डायलॉग, 2018 में घोषित किया गया था?

A. सियाम-भारत

B. सिंबेक्स

C. बोल्ड कुरुक्षेत्र

D. सिटमैक्स

2. निम्नलिखित में से कौन 'सर्बरस' (Cerberus) का सबसे अच्छा वर्णन करता है?

A. यह एक बैंकिंग ट्रोजन है।

B. यह 'डिनायल ऑफ सर्विस' अटैक (DoS) है।

C. यह एक 'ईव्सड्रॉपिंग' (मैन-इन-द-मिडिल) अटैक है।

D. यह एक क्रॉस-साइट स्क्रिप्टिंग (XSS) सॉफ्टवेयर अटैक है।

3. क्रिप्टोकरेंसी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. तीव्र और सस्ता लेन-देन
2. निवेश गंतव्य
3. मुद्रास्फीति विरोधी मुद्रा

उपर्युक्त में से किस कथन को क्रिप्टोकरेंसी का लाभ कहा जा सकता है?

A. केवल 1 और 3

B. केवल 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

4. हाल ही में चर्चा में रहा लमखागा दर्रा ट्रेक किस राज्य में स्थित है?

A. सिक्किम

B. अरुणाचल प्रदेश

C. उत्तराखंड

D. लद्दाख

5. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भक्ति के 'निर्गुण' रूप की शिक्षा देता है।
2. यह सामूहिक पूजा के लिये नियम निर्धारित करता है।
3. इसके भजन 'गुरबानी' कहलाते हैं।

उपर्युक्त कथन सर्वोत्तम रूप से निम्नलिखित में से किस धर्म से संबंधित हैं?

A. सिख धर्म

B. कबीर का दर्शन

C. यहूदी धर्म

D. सूफीवाद

**नोट :**

6. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. सफाई मित्र सुरक्षा चुनौती अभियान (SSC) 'विश्व शौचालय दिवस' समारोह के हिस्से के रूप में शुरू किया गया एक सप्ताह तक चलने वाला जागरूकता अभियान है।
    2. यह ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

7. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. 'कॉलेजियम प्रणाली' को 'तीसरे न्यायाधीश मामले' (1998) में प्रस्तुत किया गया था।
    2. उच्च न्यायालय कॉलेजियम में न्यायाधीशों की नियुक्ति के संबंध में सरकार कोई भूमिका नहीं निभाती है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

8. पोचमपल्ली के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. इसे भारत का रेशम शहर (Silk City) कहा जाता है।
    2. इस गाँव में साड़ियों की बुनाई की अनूठी शैली इकत को जीआई (GI) का दर्जा मिला है।
    3. संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (UNWTO) ने इसे सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गाँवों में से एक के रूप में चुना है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1 और 2
    B. केवल 1
    C. केवल 2 और 3
    D. 1, 2 और 3

9. नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (CAG) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. इसका कार्यकाल 6 वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक की अवधि तक है।
    2. वह केंद्र और राज्य दोनों स्तरों के वित्तीय खातों का ऑडिट करता है।
    3. उसे राष्ट्रपति द्वारा उसी आधार पर और उसी तरीके से हटाया जा सकता है जिस तरह से सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाया जा सकता है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1 और 3
    B. केवल 2
    C. केवल 2 और 3
    D. केवल 1, 2 और 3

**नोट :**

10. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प हाल ही में चर्चा में रहे 'बिल्ड बैक बेटर वर्ल्ड' (B3W) का सबसे उपयुक्त रूप से वर्णन करता है?

A. सतत् शहरीकरण हेतु यूएन-हैबिटेट इनिशिएटिव।

B. मध्य एशिया में रूस की विकास परियोजना।

C. इज़रायल और खाड़ी देशों के बीच सामान्यीकरण समझौता।

D. G7 देशों की विकास परियोजना।

11. राष्ट्रीय सामान्य दस्तावेज़ पंजीकरण प्रणाली (NGDRS) पोर्टल निम्नलिखित में से किसके द्वारा शुरू किया गया है?

A. ग्रामीण विकास मंत्रालय

B. सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

C. श्रम और रोज़गार मंत्रालय

D. नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

12. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी (IONS) एक स्वैच्छिक और समावेशी पहल है, जो समुद्री सहयोग व क्षेत्रीय सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिये हिंद महासागर क्षेत्र (IOR) के तटीय राज्यों की नौसेनाओं को एक साथ लाती है।
2. वर्ष 2021 में भारत ने पहली बार हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी (IONS) की अध्यक्षता की।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

13. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सिंधु नदी डॉल्फिन भारत का राष्ट्रीय जलीय जंतु है।
2. यह केवल सिंधु नदी में ही पाई जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

14. हाल ही में चर्चा में रहा 'रिश्वत जोखिम मैट्रिक्स 2021' निम्नलिखित में से किस संस्थान द्वारा जारी किया गया है?

A. वर्ल्ड जस्टिस प्रोजेक्ट

B. ट्रेस (TRACE)

C. भ्रष्टाचार के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन

D. विश्व आर्थिक मंच

15. 'स्वदेशी विज्ञान' आंदोलन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी शुरुआत वर्ष 1905 में स्वदेशी आंदोलन के दौरान हुई थी।
2. इसकी शुरुआत गोपाल कृष्ण गोखले ने की थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

16. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पारगम्य चट्टानों से आसानी से निकाले जा सकने वाले पारंपरिक हाइड्रोकार्बन के विपरीत शेल गैस कम पारगम्य चट्टानों के नीचे पाई जाती है।
2. वर्तमान में भारत में शेल तेल और गैस का बड़े पैमाने पर व्यावसायिक उत्पादन नहीं होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

17. 'सिडनी डायलॉग' एक वार्षिक शिखर सम्मेलन है, जो निम्नलिखित में से किस विषय पर आयोजित किया जाता है?

A. जलवायु परिवर्तन
B. साइबर तकनीक
C. भूख और कुपोषण
D. सतत् जल उपयोग

18. प्रेषित धन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह प्राप्तकर्त्ता देशों में आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने में मदद करता है।
2. विश्व बैंक ने चीन और मैक्सिको के बाद भारत को प्रेषित धन प्राप्त करने वाला दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा प्राप्तकर्त्ता घोषित किया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

19. हाइड्रोलिक फ्रैकिंग हाल ही में खबरों में रही है। निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सबसे उपयुक्त रूप से इसका वर्णन करता है।

A. शेल गैस के निष्कर्षण में प्रयुक्त प्रक्रिया।
B. परमाणु विखंडन में सेंट्रीफ्यूजेशन की प्रक्रिया।
C. भूतापीय ऊर्जा निकालने की प्रक्रिया।
D. व्हेलिंग की प्रक्रिया

20. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एक केंद्र प्रायोजित योजना है।
2. इसमें मौजूदा ग्रामीण सड़कों के उन्नयन का एक घटक शामिल है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

21. सामरिक पेट्रोलियम भंडार (SPR) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. कच्चे तेल से संबंधित किसी भी संकट से निपटने के लिये SPR कच्चे तेल का विशाल भंडार है।
2. अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी SPR के तेल को बाज़ारों में जारी करने के लिये सदस्य देशों के समन्वय में मदद करती है।
3. भारत में सबसे ज्यादा SPR हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 2
D. 1, 2 और 3

22. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी स्थापना 1945 में संयुक्त राष्ट्र चार्टर द्वारा की गई थी।
2. इसका मुख्यालय हेग (नीदरलैंड्स) में है।
3. यह सदस्य देशों के बीच कानूनी विवादों को सुलझाता है।

उपरोक्त कथन सर्वोत्तम रूप से निम्नलिखित में से किस संयुक्त राष्ट्र निकाय से संबंधित हैं?

A. अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय
B. अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन
C. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद
D. आर्थिक और सामाजिक परिषद

23. भारतीय संविधान निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद प्रदान करता है कि राज्य, भारत के पूरे क्षेत्र में नागरिकों के लिये एक समान नागरिक संहिता (UCC) सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा?

A. अनुच्छेद 41
B. अनुच्छेद 44
C. अनुच्छेद 46
D. अनुच्छेद 42

24. किसी कानून को निरस्त करने के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत की संसद उसी संवैधानिक प्रावधान से कानून को निरस्त करने की अपनी शक्ति प्राप्त करती है जिससे वह कानून बनाने की शक्ति प्राप्त करती है।
2. यदि कानून में 'सनसेट क्लॉज़' है, तो संसद को किसी कानून को निरस्त करने के लिये कोई अन्य कानून बनाने की आवश्यकता नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

25. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 111 में भारत के राष्ट्रपति की वीटो शक्ति निर्देशित है।
2. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 112 राज्य विधायिका द्वारा पारित विधेयकों को दी गई सहमति के संबंध में राज्यपाल की शक्तियों से संबंधित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

26. भारतीय क्षेत्रीय नेविगेशन उपग्रह प्रणाली (NaVIC-नाविक) के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

1. वर्तमान में IRNSS में आठ उपग्रह हैं, जिसमें भूस्थिर कक्षा में तीन उपग्रह और भू-समकालिक कक्षा में पाँच उपग्रह शामिल हैं।
2. जीपीएस की तुलना में उपग्रहों की संख्या कम होने के बावजूद NaVIC की स्थिति सटीकता बेहतर है।
3. इसे IMO द्वारा हिंद महासागर क्षेत्र में संचालन के लिये मान्यता दी गई थी।
4. भारत के अलावा सिर्फ अमेरिका और चीन ही दो ऐसे देश हैं, जिनके पास अपना नेविगेशन सिस्टम है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1, 3 और 4
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1, 2 और 3
D. 1, 2, 3 और 4

27. 'मौर्य साम्राज्य' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह संपूर्ण भारतीय उपमहाद्वीप को एक ही शासन के तहत लाने वाला पहला सबसे शक्तिशाली भारतीय साम्राज्य था।
2. चंद्रगुप्त मौर्य के अधीन साम्राज्य ने अपनी सीमाओं को मध्य एशिया और फारस तक विस्तृत किया।
3. बिंदुसार ने कलिंग को छोड़कर अधिकांश भारत में अपने साम्राज्य का विस्तार किया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

28. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अमेज़न विश्व के सबसे बड़े उष्णकटिबंधीय वर्षावन हैं जो अमेज़न नदी और उसकी सहायक नदियों के जल निकासी बेसिन पर कब्ज़ा कर रहे हैं।
2. अमेज़न में केवल पाँच दक्षिण अमेरिकी देशों के हिस्से शामिल हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/ हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

29. यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड (USOF) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह ग्रामीण और दूरदराज़ के क्षेत्रों में लोगों के लिये आर्थिक रूप से उचित कीमतों पर गुणवत्तापूर्ण आईसीटी सेवाओं हेतु सार्वभौमिक गैर-भेदभावपूर्ण पहुँच सुनिश्चित करता है।
2. भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 द्वारा इसे वैधानिक दर्ज़ा प्रदान किया गया।
3. यह इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना संचार मंत्रालय के अधीन है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

30. निम्नलिखित में से किस युद्ध में सिकंदर ने पोरस को हराया था?

A. गौगामेला का युद्ध
B. हाइडेस्पीज़ का युद्ध
C. फारसी गेट का युद्ध
D. इस्सुस का युद्ध

31. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | स्वच्छ सर्वेक्षण (2021) पुरस्कार विजेता | वर्ग/श्रेणी |
|---|---|---|
| 1. | प्रयागराज | सबसे स्वच्छ गंगा टाउन |
| 2. | छत्तीसगढ़ | 100 से अधिक शहरी स्थानीय निकायों वाला सबसे स्वच्छ राज्य |
| 3. | मिज़ोरम | 100 से कम शहरी स्थानीय निकायों वाला सबसे स्वच्छ राज्य |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

32. हाइपरसोनिक प्रौद्योगिकी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस तकनीक पर आधारित मिसाइलों की गति ध्वनि की गति से कम-से-कम 10 गुना अधिक होती है।
2. अधिकांश हाइपरसोनिक वाहन मुख्य रूप से डुअल मोड रैमजेट (DMRJ) तकनीक का उपयोग करते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

33. बैंकों के समेकन/विलय के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही नहीं है?

A. बैंकों का विलय वैश्विक और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपस्थिति को मज़बूत करने में मदद करता है।
B. इसमें परिचालन लागत को कम करने की क्षमता है।
C. यह आमतौर पर शीर्ष स्तर पर निर्णय लेने की गति को बढ़ाता है।
D. बड़े बैंकों में संसाधन जुटाने की बेहतर क्षमता होती है।

नोट :

34. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. शांति, निरस्त्रीकरण और विकास के लिये 'इंदिरा गांधी' पुरस्कार को वर्ष 2015 में स्थापित किया गया था।
2. 'प्रथम'- एक नागरिक समाज संगठन को वर्ष 2021 के लिये इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/ हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

35. प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका उद्देश्य 2025 तक सभी के लिये आवास के लक्ष्य को प्राप्त करना है।
2. इसे पंचायती राज मंत्रालय द्वारा क्रियान्वित किया जाता है।
3. दिव्यांग व्यक्ति भी इस योजना के लाभार्थी हैं।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 3
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 2
D. 1, 2 और 3

36.अनुसूचित क्षेत्रों के लिये पंचायत विस्तार (पेसा) अधिनियम, 1996 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वर्ष 1995 में भूरिया समिति की सिफारिशों के बाद इसे अधिनियमित किया गया था।
2. यह ग्राम सभाओं को विकास योजनाओं को मंज़ूरी देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने का अधिकार देता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

37. वीरता पुरस्कार के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत-चीन युद्ध के बाद भारत द्वारा वीरता पुरस्कारों की स्थापना की गई।
2. महावीर चक्र युद्धकाल के दौरान वीरता के कार्य के लिये दिया जाने वाला भारत का सर्वोच्च सैन्य पुरस्कार है।
3. अशोक चक्र शांतिकाल के दौरान वीरता, साहसिक कार्रवाई या बलिदान के लिये दिया जाने वाला सर्वोच्च सैन्य पुरस्कार है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

38. श्वेत वामन (White Dwarf) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. प्रत्येक तारा जब अपने सभी हाइड्रोजन ईंधन का उपयोग करता है तो श्वेत वामन में बदल जाता है।
2. परमाणु संलयन प्रतिक्रियाओं के माध्यम से तारे अपने कोर में हाइड्रोजन को हीलियम में संलयित करते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

39. 'एसडीजी शहरी सूचकांक और डैशबोर्ड 2021-22' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा 'सतत् विकास लक्ष्य (SDGs) शहरी सूचकांक और डैशबोर्ड 2021-22' जारी किया जाता है।
2. यह संपूर्ण भारत में मज़बूत एसडीजी निगरानी सुनिश्चित करेगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

40."भारत गौरव" योजना हाल ही में चर्चा में थी, यह संबंधित है:

A. पर्यटन की व्यापक संभावनाओं का दोहन करने के लिये।

B. पंचायतों को सशक्त बनाने के लिये।

C. भारत के विभिन्न राज्यों में ओडीएफ+ प्राप्त करने के लिये।

D. प्रवासियों हेतु सेवाओं की पहुँच बढ़ाने के लिये।

41. हाल ही में खबरों में रहा 'गो ब्लू' अभियान निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

A. अंतर्देशीय मत्स्य पालन को बढ़ावा देना।

B. रोगाणुरोधी प्रतिरोध (AMR) के बारे में जागरूकता फैलाना।

C. समुद्री जीवन के संरक्षण के बारे में जागरूकता फैलाना।

D. स्वच्छ समुद्र तटों को बढ़ावा देना।

42. वैश्विक पोषण रिपोर्ट, 2021 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वयस्क मोटापे में वृद्धि को रोकने या नमक/सोडियम सेवन में सापेक्ष कमी हासिल करने के लिये कोई भी देश इस दिशा में अग्रसर नहीं है।
2. भारत ने एनीमिया और चाइल्डहुड वेस्टिंग में महत्त्वपूर्ण प्रगति की है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

43. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह अरब क्षेत्र से अवैध रूप से तस्करी कर भारत में लाया गया था।
2. इसके लिये 15°C और 28°C के बीच तापमान वाले ऊष्ण और आर्द्र जलवायु की आवश्यकता होती है।
3. यह पश्चिमी और पूर्वी घाटों में प्राकृतिक रूप से उगाई जाती है।

उपरोक्त कथन सर्वोत्तम रूप से निम्नलिखित में से किस फसल से संबंधित हैं?

A. तंबाकू
B. नीलगिरि चाय
C. कॉफी
D. काजू

44. 'दोस्ती' एक त्रिपक्षीय तट रक्षक अभ्यास है जिसमें शामिल हैं-

A. भारत, बांग्लादेश और श्रीलंका
B. भारत, श्रीलंका और मालदीव
C. पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश
D. भारत, बांग्लादेश और ओमान

45. एक्रॉस योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (MoES) के वायुमंडलीय विज्ञान कार्यक्रमों से संबंधित है।
2. यह योजना चक्रवात, तूफानी लहरों, हीट वेव और तड़ित झंझा संबंधी चेतावनियों का बेहतर पूर्वानुमान प्रदान करेगी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

46. 'डिजिटल सेवा कर' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका उद्देश्य डिजिटल सेवाएँ प्रदान करने वाली गूगल, अमेज़न और एप्पल जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा उत्पन्न राजस्व पर कर लगाना है।
2. भारत में डिजिटल सेवाओं पर कर लगाने का कोई कानूनी प्रावधान नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

47. हवाना सिंड्रोम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसमें व्यक्ति द्वारा कुछ अजीब सी आवाज़ें सुनने और अजीब शारीरिक संवेदनाओं का अनुभव किया जाता है।
2. निर्देशित माइक्रोवेव विकिरण को हवाना सिंड्रोम का प्रमुख कारण माना जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

48. माइक्रोवेव हथियारों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वे मशीनों और इंसानों दोनों को प्रभावित करने में सक्षम हैं।
2. माइक्रोवेव हथियारों का प्रोटोटाइप प्रदर्शित करने वाला चीन एकमात्र देश है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

49. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. टोटल फर्टिलिटी रेट (TFR) से तात्पर्य किसी महिला के जीवनकाल में उसके पैदा हुए या पैदा होने वाले बच्चों की कुल संख्या से है।
2. प्रति महिला लगभग 2.1 बच्चों के टीएफआर को रिप्लेसमेंट-लेवल फर्टिलिटी कहा जाता है।
3. टीएफआर 2015-16 में रिपोर्ट किये गए 2.2 से घटकर 2019-21 में अखिल भारतीय स्तर पर 2.0 हो गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

50. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. तकनीकी रूप से सक्रिय वलित हिमालय पहाड़ों की उपस्थिति के कारण भारत भूकंप प्रभावित देशों में से एक है।
2. भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) ने भारत को चार भूकंपीय क्षेत्रों में विभाजित किया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

51. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वैज्ञानिक सोच विकसित करना भारत के प्रत्येक नागरिक का मौलिक कर्तव्य है।
2. भारत में विश्व स्तर पर सबसे अधिक महिलाएँ 'STEM' (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) स्नातक हैं।
3. 'किरण योजना' विशेष रूप से बेरोज़गार महिला वैज्ञानिकों और प्रौद्योगिकीविदों को कॅरियर के अवसर प्रदान करने के लिये शुरू की गई थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

52. राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (NFHS-5) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पिछले पाँच वर्षों में 18 वर्ष की उम्र से पहले शादी करने वाली महिलाओं (20-24 वर्ष की आयु) की हिस्सेदारी में वृद्धि हुई है।
2. 2015-16 से 2019-21 की अवधि के बीच पुरुषों और महिलाओं दोनों में एनिमिया के प्रतिशत में वृद्धि हुई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

53. राष्ट्रीय दुग्ध दिवस' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजये:

1. यह 'ऑपरेशन फ्लड' की शुरुआत के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।
2. ऑपरेशन फ्लड ने भारत को दुनिया में दूध का सबसे बड़ा उत्पादक बनने में मदद की है।
3. डॉ. वर्गीज कुरियन को भारत के 'मिल्क मैन' के रूप में जाना जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

54. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वर्ष 1946 में कैबिनेट मिशन योजना के तहत संविधान सभा के गठन के लिये चुनाव हुए।
2. मौलिक अधिकारों, अल्पसंख्यकों और जनजातीय तथा बहिष्कृत क्षेत्रों पर सलाहकार समिति की अध्यक्षता वल्लभभाई पटेल ने की थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

55. कुपोल या डॉम नामक प्रारंभिक चेतावनी मिसाइल-विरोधी प्रणाली निम्नलिखित में से किस देश से संबंधित है?

A. रूस
B. इज़रायल
C. कनाडा
D. चीन

56. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह अंतर्राष्ट्रीय व्यापार कानून के क्षेत्र में संयुक्त राष्ट्र प्रणाली का मुख्य कानूनी निकाय है।
2. इसके द्वारा प्रस्तुत मॉडल सीमा पार दिवाला मुद्दों से निपटने के लिये सबसे व्यापक रूप से स्वीकृत कानूनी ढाँचा है।
3. भारत उन आठ देशों में से एक है, जो इस निकाय की स्थापना से ही इसका सदस्य है।

उपर्युक्त कथन निम्नलिखित में से किस संयुक्त राष्ट्र निकाय का वर्णन करते हैं?

A. विश्व व्यापार संगठन
B. UNCTAD
C. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार केंद्र
D. UNCITRAL

नोट :

57. निम्नलिखित में से कौन-सा स्वदेश परियोजना का सबसे अच्छा वर्णन करता है?

A. यह न्यूरोलॉजिकल विकारों के प्रबंधन के लिये लॉन्च किया गया एक डेटाबेस है।

B. यह ब्रेन ड्रेन को रोकने के लिये भारत में शिक्षा और रोज़गार को बढ़ावा देने हेतु शुरू किया गया एक अभियान है।

C. यह भारत के प्रवासी नागरिकों (OCI) के लिये शुरू की गई एक विज्ञान और प्रौद्योगिकी कार्यशाला है।

D. यह बुजुर्गों के लिये भारत के भीतर पर्यटन सुविधाएँ प्रदान करने हेतु शुरू की गई एक योजना है।

58. वायु गुणवत्ता और मौसम पूर्वानुमान तथा अनुसंधान प्रणाली (SAFAR) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह पहल पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा शुरू की गई है।
2. यह तापमान, पराबैंगनी (UV) विकिरण और सौर विकिरण जैसे मौसम के मापदंडों की निगरानी करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

59. निम्नलिखित में से कौन-से विषयगत क्षेत्र 'ब्रिक्स नवाचार सहयोग कार्ययोजना' (2021-24) में शामिल हैं?

1. रोगाणुरोधी प्रतिरोध (AMR)
2. बिग डेटा एनालिटिक्स
3. खाद्य उद्योग
4. नैनोफोटोनिक्स

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2, 3 और 4

60. म्यूटेशन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. जब कोई वायरस उत्परिवर्तित होता है, तो वह हमेशा अपना क्लोन बनाता है।
2. नए म्यूटेशन वाले वायरस को कभी-कभी वेरिएंट कहा जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

61. 'ज़ीरो डिफेक्ट, ज़ीरो इफेक्ट' स्कीम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस योजना में 'ज़ीरो इफेक्ट' शून्य वायु प्रदूषण, तरल निर्वहन और ठोस अपशिष्ट को संदर्भित करता है।
2. इसे केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) द्वारा कार्यान्वित किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

62. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. परिसीमन आयोग का गठन भारत के राष्ट्रपति द्वारा किया जाता है और यह भारत के चुनाव आयोग के सहयोग से काम करता है।
2. भारत में केवल दो बार वर्ष 1973 और वर्ष 2002 में परिसीमन आयोगों का गठन क्रमश: वर्ष 1972 और वश 2002 के अधिनियमों के तहत किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

63. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इंडिया यंग वाटर प्रोफेशनल प्रोग्राम ऑस्ट्रेलिया और भारत का एक संयुक्त कार्यक्रम है।
2. इंडिया यंग वाटर प्रोफेशनल प्रोग्राम नेशनल हाइड्रोलॉजी प्रोजेक्ट के तहत शुरू किया गया है।
3. राष्ट्रीय जल विज्ञान परियोजना विश्व बैंक द्वारा समर्थित एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2, और 3

64. भारत के राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक (MPI) को विकसित करने के लिये निम्नलिखित में से कौन से संकेतक का उपयोग किया जाता है?

1. पोषण
2. विद्यालय में उपस्थिति
3. पीने का पानी
4. बैंक खाता

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2, 3 और 4

65. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा हाल ही में चर्चा में रही 'फिएट करेंसी' का सबसे उपयुक्त रूप से वर्णन करता है।

A. इसका कोई आंतरिक मूल्य नहीं है।

B. आईएमएफ के समक्ष विदेशी मुद्रा भंडार।

C. कोमोडिटी मनी।

D. आईएमएफ के समक्ष आरक्षित कोटा।

नोट :

## व्याख्या: भाग-2

1.

उत्तर: D

व्याख्या:

- हाल ही में त्रिपक्षीय नौसैनिक अभ्यास सिंगापुर-भारत-थाईलैंड समुद्री अभ्यास (SITMEX) का तीसरा संस्करण हिंद महासागर के अंडमान सागर में आयोजित किया गया है।
  - यह अभ्यास वार्षिक तौर पर आयोजित किया जाता है और जून 2018 में शांगरी-ला (Shangri-La) संवाद में भारत द्वारा इसकी घोषणा की गई थी।
    - इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रैटेजिक स्टडीज़ (IISS) शांगरी-ला संवाद एशिया का प्रमुख रक्षा शिखर सम्मेलन है। इसे वर्ष 2002 में लॉन्च किया गया था।
- इसका उद्देश्य इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में व्यापक समुद्री सुरक्षा को बढ़ाने की दिशा में आपसी संबंधों को मज़बूत करना और सामान्य समझ और प्रक्रियाओं को विकसित करना है।
  - यह अभ्यास भारत की सागर (SAGAR-हिंद महासागरीय क्षेत्र में सभी के लिये सुरक्षा एवं संवृद्धि) नीति के उद्देश्यों के अनुरूप हैं। **अत: विकल्प D सही है।**

2.

उत्तर: A

व्याख्या:

- 'सर्बरस' एक बैंकिंग ट्रोजन है जो मुख्य रूप से क्रेडिट कार्ड नंबर जैसे वित्तीय डेटा चोरी करने हेतु उपयोग किया जाता है।
  - ट्रोजन एक प्रकार का कोड या सॉफ़्टवेयर है, जो डेटा या नेटवर्क को नुकसान पहुँचाता है, बाधित करता है, चोरी करता है या हानिकारक कार्रवाई करता है।
    - बैंकिंग ट्रोजन एक ऐसा प्रोग्राम है, जिसका उपयोग ऑनलाइन बैंकिंग और भुगतान प्रणालियों का उपयोग करने वाले ग्राहकों के बारे में गोपनीय जानकारी प्राप्त करने हेतु किया जाता है।
- 'सर्बरस' का कार्य:
  - यह कोविड -19 महामारी का लाभ उठाता है और एक उपयोगकर्त्ता को दुर्भावनापूर्ण सॉफ़्टवेयर वाले लिंक को डाउनलोड करने हेतु लुभाने के लिये एसएमएस भेजता है।
  - यह अपने एप्लिकेशन को आमतौर पर फिशिंग अभियानों के माध्यम से फैलाता है, ताकि उपयोगकर्त्ताओं को इसे अपने स्मार्टफोन पर इंस्टॉल करने के लिये प्रेरित किया जा सके।
    - ऐसा प्रतीत होता है कि लिंक वाला ईमेल या टेक्स्ट संदेश बैंक जैसे किसी विश्वसनीय स्रोत से आया है।
    - लिंक उपयोगकर्त्ता को एक जाली वेबसाइट पर ले जाता है और एक बार लॉगिन नाम और पासवर्ड जैसे विवरण दर्ज करने के बाद, लॉगिन क्रेडेंशियल हैकर तक पहुँच जाते हैं। **अत: विकल्प A सही है।**

3.

उत्तर: D

व्याख्या:

- क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े लाभ:
  - तीव्र और सस्ते लेन-देन: अंतर्राष्ट्रीय लेन-देन को निष्पादित करने के लिये क्रिप्टोकरेंसी का उपयोग करना सस्ता है क्योंकि क्रिप्टोकरेंसी में लेन-देन को उनके गंतव्य तक पहुँचने से पहले बिचौलियों की श्रृंखला द्वारा नियंत्रित नहीं किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- निवेश गंतव्य: क्रिप्टोकरेंसी की आपूर्ति सीमित है- आंशिक रूप से सोने की तरह। इसके अलावा पिछले कुछ वर्षों में अन्य वित्तीय साधनों की तुलना में क्रिप्टोकरेंसी की कीमत तेज़ी से बढ़ी है।
  - इसके कारण लोगों का झुकाव क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करने का अधिक देखा जा सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- मुद्रास्फीति विरोधी मुद्रा: क्रिप्टोकरेंसी की उच्च मांग के कारण इसकी कीमतें काफी हद तक 'वृद्धिमान प्रक्षेप वक्र' (Growing Trajectory) द्वारा निर्धारित होती हैं। इस परिदृश्य में लोग इसे खर्च करने की तुलना में अपने पास रखना अधिक पसंद करते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**
  - इससे मुद्रा पर अपवस्फीतिकारी प्रभाव (Deflationary Effect) उत्पन्न होगा।

4.

उत्तर: C

व्याख्या:

- लमखागा दर्रा गढ़वाल हिमालय (उत्तराखंड) में एक अत्यधिक ऊँचाई पर स्थित दर्रा है जो हिमाचल प्रदेश में सांगला से जुड़ता है। इसकी ऊँचाई और दूरदर्शिता के कारण इसे हिमालय (उत्तराखंड) के सबसे कठिन ट्रेक में से एक माना जाता है। **अत: विकल्प C सही है।**

5.

उत्तर: A

व्याख्या:

गुरु नानक जी के विषय में:

- गुरु नानक देव (1469-1539) के जन्म अवसर पर कार्तिक महीने में पूर्णिमा के दिन गुरु नानक देव जयंती मनाई जाती है।
- उन्होंने भक्ति के 'निर्गुण' रूप की शिक्षा दी। उन्होंने बलिदान, अनुष्ठान स्नान, छवि पूजा, तपस्या और हिंदुओं और मुसलमानों दोनों के ग्रंथों को अस्वीकृत किया।
- उन्होंने सामूहिक पूजा (संगत) के लिये सामूहिक पाठ से जुड़े नियम स्थापित किये।
- उन्होंने अपने शिष्यों में से एक गुरु अंगद (Preceptor) को उत्तराधिकारी के रूप में नियुक्त किया और इस प्रथा का लगभग 200 वर्षों तक पालन किया गया।
- सिख धर्म के पाँचवें गुरु अर्जुन देव ने आदि ग्रंथ साहिब में बाबा गुरु नानक के भजनों/कीर्तन को उनके चार उत्तराधिकारियों और बाबा फरीद, रविदास (जिन्हें रैदास के नाम से भी जाना जाता है) और कबीर जैसे अन्य धार्मिक कवियों के साथ संकलित किया।
  - 'गुरबानी' कहे जाने वाले इन स्तोत्रों की रचना अनेक भाषाओं में हुई है।
- भारतीय सीमा के उस पार लगभग 4 किमी. दूर करतारपुर गुरुद्वारा सिखों का पवित्र तीर्थ स्थल स्थित है। जहाँ गुरु नानक देव ने अपने जीवन के अंतिम 18 वर्ष बिताए थे। **अत: विकल्प A सही है।**

6.

उत्तर: A

व्याख्या:

- 'विश्व शौचालय दिवस' (19 नवंबर) समारोह के भाग के रूप में एक सप्ताह का 'स्वच्छ अमृत दिवस' तक चलने वाले सफाई मित्र सुरक्षा चुनौती (Safari Mitra Suraksha Challenge- SSC) जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह आवास और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा 'विश्व शौचालय दिवस' (19 नवंबर) के अवसर पर शुरू किया गया है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- इसका उद्देश्य स्वच्छता को लेकर लोगों के मध्य नकारात्मक विचारधारा को समाप्त करना है क्योंकि शौचालय और स्वच्छता के मुद्दे पर चुप्पी के घातक परिणाम हो सकते हैं।.
  - सरकार द्वारा अप्रैल 2021 में सभी राज्यों के लिये सीवर-सफाई को मशीनीकृत करने के लिये चेलेंज फॉर आल की शुरुआत की गई। इसके साथ ही यदि किसी व्यक्ति को अपरिहार्य आपात स्थिति में सीवर लाइन में प्रवेश करने की आवश्यकता होती है, तो उसे उचित उपकरण/सामग्री और ऑक्सीजन सिलेंडर आदि उपलब्ध कराए जाने चाहिये।

नोट :

7.

उत्तर: D

व्याख्या:

- सर्वोच्च न्यायालय ने 'द्वितीय न्यायाधीश मामले' (Second Judges Case-1993) में 'कॉलेजियम प्रणाली' की शुरुआत यह मानते हुए की कि 'परामर्श' से तात्पर्य 'सहमति' से है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - इसमें कहा गया है कि यह CJI की व्यक्तिगत राय नहीं थी, बल्कि सर्वोच्च न्यायालय के दो वरिष्ठतम न्यायाधीशों के परामर्श से निर्मित एक संस्थागत राय थी।
- उच्च न्यायपालिका के न्यायाधीशों की नियुक्ति केवल कॉलेजियम प्रणाली के माध्यम से होती है और सरकार की भूमिका तब शुरू होती है जब कॉलेजियम द्वारा नाम तय कर लिये जाते हैं।
  - यदि किसी वकील को उच्च न्यायालय या सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया जाना है, तो सरकार की भूमिका इंटेलिजेंस ब्यूरो (IB) द्वारा जाँच कराने तक सीमित है।
    - यह कॉलेजियम की पसंद पर आपत्तियाँ भी उठा सकता है और स्पष्टीकरण मांग सकता है, लेकिन अगर कॉलेजियम उन्हीं नामों को दोहराता है, तो सरकार संविधान पीठ के फैसलों के तहत उन्हें न्यायाधीशों के रूप में नियुक्त करने के लिये बाध्य है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

8.

उत्तर: D

व्याख्या:

- हाल ही में तेलंगाना के पोचमपल्ली गाँव को संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (UNWTO) द्वारा सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गाँवों में से एक के रूप में चुना गया। **अतः कथन 3 सही है।**
  - यह पुरस्कार दिसंबर 2021 में मैड्रिड (स्पेन) में UNWTO महासभा के 24वें सत्र के अवसर पर प्रदान किया जाएगा।
- पोचमपल्ली, तेलंगाना के नलगोंडा ज़िले का एक कस्बा है और इसे अक्सर उत्कृष्ट साड़ियों के लिये भारत के सिल्क सिटी के रूप में जाना जाता है, जिसे इकत (Ikat) नामक एक अनूठी शैली के माध्यम से बुना जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - पोचमपल्ली इकत शैली को वर्ष 2004 में एक भौगोलिक संकेतक (GI Status) के रूप में दर्ज किया गया। **अतः कथन 2 सही है।**
    - पोचमपल्ली की अनूठी बुनाई शैलियों और पैटर्न पर प्रधानमंत्री के 'वोकल फॉर लोकल' (Vocal for Local) के उद्देश्य के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना के एक भाग के रूप में विशेष रूप से ध्यान दिया गया है।
- 18 अप्रैल, 1951 को इस गाँव से आचार्य विनोबा भावे द्वारा शुरू किये गए भूदान आंदोलन की याद में पोचमपल्ली को भूदान पोचमपल्ली के नाम से भी जाना जाता है।

9.

उत्तर: D

व्याख्या:

नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (CAG) के बारे में:

- भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा विभाग के प्रमुख वर्ष 1753 में बनाए गए।
- CAG को भारत सरकार की लोकतांत्रिक प्रणाली में एक संरक्षक दीवार कहा जाता है।
  - अन्य संस्थाओं में सर्वोच्च न्यायालय, निर्वाचन आयोग और संघ लोक सेवा आयोग शामिल हैं।
- वह लोक व्यय का संरक्षक होने के साथ-साथ केंद्र और राज्य दोनों स्तरों पर देश की संपूर्ण वित्तीय प्रणाली को नियंत्रित/ऑडिट करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- वित्तीय प्रशासन के क्षेत्र में कार्यपालिका (अर्थात् मंत्रिपरिषद) की संसद के प्रति जवाबदेही CAG की लेखापरीक्षा रिपोर्टों के माध्यम से सुनिश्चित की जाती है।

**नोट :**

- नियुक्ति: उसे भारत के राष्ट्रपति के हस्ताक्षर और मुहर लगे एक अधिपत्र (Warrant) द्वारा नियुक्त किया जाता है।
- कार्यकाल: इसका कार्यकाल 6 वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक होता है। ( दोनों में से जो भी पहले हो) **अत: कथन 1 सही है।**
- निष्कासन: CAG को राष्ट्रपति द्वारा उसी आधार पर और उसी तरह हटाया जा सकता है जिस प्रकार सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाया जाता है। वह राष्ट्रपति के प्रसादपर्यंत अपना पद धारण नहीं करता है। **अत: कथन 3 सही है।**

10.

उत्तर: D

व्याख्या

- बिल्ड बैक बेटर प्लान विकासशील और निम्न-आय वाले देशों के लिये G-7 देशों द्वारा प्रस्तावित एक कोविड-19 राहत, भविष्य का आर्थिक और बुनियादी ढाँचा पैकेज है।
- B3W पहल को चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (BRI) का मुकाबला करने के लिये एक पहल के रूप में देखा जा रहा है।
- B3W के घटक:
  - जलवायु
  - स्वास्थ्य और स्वास्थ्य सुरक्षा
  - डिजिटल टेक्नोलॉजी
  - लैंगिक समानता **अत: विकल्प D सही है।**

11.

उत्तर: A

व्याख्या:

- हाल ही में ग्रामीण विकास मंत्रालय ने 'भूमि संवाद' - डिजिटल इंडिया भूमि रिकॉर्ड आधुनिकीकरण कार्यक्रम (DILRMP) पर राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन किया।
  - मंत्रालय ने राष्ट्रीय सामान्य दस्तावेज़ पंजीकरण प्रणाली (NGDRS) पोर्टल और डैशबोर्ड भी लॉन्च किया।
- डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (DILRMP) को कैबिनेट ने 21 अगस्त, 2008 को मंज़ूरी दी थी। देश में भूमि अभिलेख प्रणाली के आधुनिकीकरण के लिये एक संशोधित कार्यक्रम अर्थात् राष्ट्रीय भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (NLRMP) तैयार किया गया है जिसे अब डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (DILRMP) के नाम से जाना जाता है। **अत: विकल्प A सही है।**

12.

उत्तर: A

व्याख्या:

- हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी (IONS) (प्रमुखों के सम्मेलन) के 7वें संस्करण की मेज़बानी फ्राँसीसी नौसेना द्वारा पेरिस में 15-16 नवंबर, 2021 से की जा रही है।
- 'हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी' (IONS) एक स्वैच्छिक और समावेशी पहल है, जो समुद्री सहयोग व क्षेत्रीय सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिये हिंद महासागर क्षेत्र के तटीय राज्यों की नौसेनाओं को एक साथ लाती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह प्राकृतिक आपदाओं के विरुद्ध एक प्रभावी प्रतिक्रिया तंत्र और मानवीय सहायता एवं आपदा राहत (HADR) सुनिश्चित करने का भी कार्य करती है।
- 'हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी' (IONS) की अध्यक्षता भारत (2008-10), संयुक्त अरब अमीरात (2010-12), दक्षिण अफ्रीका (2012-14), ऑस्ट्रेलिया (2014-16), बांग्लादेश (2016-18) और इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान (2018-21) द्वारा की गई है। फ्राँस ने जून 2021 में दो वर्ष के कार्यकाल के लिये अध्यक्षता ग्रहण की। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**नोट :**

13.

उत्तर: D

व्याख्या:

- हाल ही में पंजाब के वन्यजीव संरक्षण खंड ने सिंधु नदी डॉल्फिन के संरक्षण और उनके प्राकृतिक आवास की रक्षा हेतु भी प्रयास किये हैं।
  - वर्ष 2019 में सिंधु नदी डॉल्फिन को पंजाब का राज्य जलीय जानवर घोषित किया गया था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - गंगा नदी की डॉल्फिन भारत का राष्ट्रीय जलीय जंतु है।
- वे केवल पाकिस्तान में सिंधु नदी के निचले हिस्सों और पंजाब, भारत में सिंधु नदी की एक सहायक नदी ब्यास में पाई जाती हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- संरक्षण की स्थिति:
  - अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN): लुप्तप्राय
  - वन्यजीवों एवं वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन (CITES): परिशिष्ट- I
  - भारतीय वन्यजीव (संरक्षण), अधिनियम 1972: अनुसूची- I

14.

उत्तर: B

व्याख्या

मैट्रिक्स के विषय में:

- हाल ही में रिश्वत-रोधी मानक निर्धारण संगठन- 'TRACE' द्वारा 'रिश्वत जोखिम मैट्रिक्स-2021' जारी किया गया।
- यह 194 देशों, क्षेत्रों और स्वायत्त एवं अर्द्ध-स्वायत्त क्षेत्रों में रिश्वतखोरी जोखिम को मापता है।
- यह मूलत: वर्ष 2014 में दुनिया भर में वाणिज्यिक रिश्वतखोरी के जोखिमों के बारे में अधिक विश्वसनीय और सूक्ष्म जानकारी संबंधी व्यावसायिक समुदाय की आवश्यकता को पूरा करने के लिये प्रकाशित किया गया था।
- यह संयुक्त राष्ट्र, विश्व बैंक, गोथेनबर्ग विश्वविद्यालय में 'वी-डेम' संस्थान और विश्व आर्थिक मंच सहित प्रमुख सार्वजनिक हित एवं अंतर्राष्ट्रीय संगठनों से प्राप्त प्रासंगिक डेटा एकत्र करता है। **अत: विकल्प B सही है।**

15.

उत्तर: D

व्याख्या

स्वदेशी विज्ञान आंदोलन

- वर्ष 1991 में अखिल भारतीय स्तर पर स्वदेशी विज्ञान आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया गया और इसे 'विज्ञान भारती' नाम दिया गया। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - इसका एक उद्देश्य युवा वैज्ञानिकों को अधिक रचनात्मकता और मौलिकता के लिये प्रेरित करना है।
  - इसका मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है।
- स्वदेशी विज्ञान आंदोलन 'भारतीय विज्ञान संस्थान-बंगलूरू' में कुछ प्रख्यात वैज्ञानिकों द्वारा प्रोफेसर 'के.आई. वासु' के मार्गदर्शन में शुरू किया गया था। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - इस आंदोलन ने धीरे-धीरे गति पकड़ी और राष्ट्रीय संगठन के रूप में उभरा।

16.

उत्तर: C

व्याख्या:

- केयर्न इंडिया पश्चिमी राजस्थान के 'लोअर बाड़मेर हिल फॉर्मेशन' में शेल अन्वेषण शुरू करने के लिये अमेरिका स्थित हॉलिबर्टन के साथ साझेदारी करेगी।

शेल गैस: पारगम्य चट्टानों से आसानी से निकाले जा सकने वाले पारंपरिक हाइड्रोकार्बन के विपरीत शेल गैस कम पारगम्य चट्टानों के नीचे पाई जाती है। **अत: कथन 1 सही है।**

- वर्तमान में भारत में शेल तेल और गैस का बड़े पैमाने पर व्यावसायिक उत्पादन नहीं होता है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - सरकारी स्वामित्व वाली ओएनजीसी ने वर्ष 2013 में गुजरात में कैम्बे बेसिन और आंध्र प्रदेश में कृष्णा गोदावरी बेसिन में शेल तेल की संभावनाएँ तलाशी थीं।
  - हालाँकि यह निष्कर्ष निकाला गया कि इन घाटियों में देखे गए तेल प्रवाह की मात्रा "व्यावसायिकता" का संकेत नहीं देती है और भारतीय शेल्स की सामान्य विशेषताएँ उत्तरी अमेरिकी शेल्स से काफी अलग हैं।

17.

उत्तर: B

व्याख्या:

- यह ऑस्ट्रेलियन स्ट्रेटेजिक पॉलिसी इंस्टीट्यूट' की एक पहल है।
- यह दुनिया में कानून व्यवस्था की स्थिति और डिजिटल डोमेन पर चर्चा करने के लिये साइबर और महत्त्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों का एक वार्षिक शिखर सम्मेलन है।
- हाल ही में प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सिडनी डायलॉग के उद्घाटन में मुख्य भाषण दिया। **अत: विकल्प B सही है।**

18.

उत्तर: A

व्याख्या:

- प्रेषित धन या रेमिटेंस का आशय प्रवासियों द्वारा मूल देश में मित्रों और रिश्तेदारों को किये गए वित्तीय या अन्य तरह के हस्तांतरण से है।
  - यह मूलत: दो मुख्य घटकों का योग है - निवासी और अनिवासी परिवारों के बीच नकद या वस्तु के रूप में व्यक्तिगत स्थानांतरण और कर्मचारियों का मुआवज़ा, जो उन श्रमिकों की आय को संदर्भित करता है जो सीमित समय के लिये दूसरे देश में काम करते हैं।
  - प्रेषण या प्रेषित धन, प्राप्तकर्त्ता देशों में आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने में मदद करता है, लेकिन यह ऐसे देशों को उन पर अधिक निर्भर भी बना सकता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- विश्व बैंक के 'माइग्रेशन एंड डेवलपमेंट ब्रीफ' (Migration and Development Brief) के अनुसार, भारत वर्ष 2021 में 87 बिलियन अमेरिकी डॉलर (पिछले वर्ष से 4.6% की वृद्धि) प्राप्त करने वाला दुनिया का सबसे बड़ा प्रेषित धन (Remittances) प्राप्तकर्त्ता रहा है।
  - भारत के पश्चात् चीन, मैक्सिको, फिलीपींस और मिस्र का स्थान है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - संयुक्त राज्य अमेरिका सबसे बड़ा स्रोत बन गया है, जो कुल प्रेषित धन के 20% से अधिक के लिये ज़िम्मेदार है।

19.

उत्तर: A

व्याख्या:

- निष्कर्षण के लिये हाइड्रोलिक फ्रैकिंग/फ्रैक्चरिंग प्रक्रिया के माध्यम से हाइड्रोकार्बन को मुक्त करने हेतु तेल और गैस समृद्ध शेल में फ्रैक्चर के निर्माण की आवश्यकता होती है।
- इसे कम पारगम्य चट्टानों को तोड़ने और शेल गैस के भंडार तक पहुँचने के लिये 'दबावयुक्त जल, रसायन एवं रेत' (शेल द्रव) के मिश्रण की आवश्यकता होती है।
- 'फ्रैकिंग' करते समय शेल द्रव संभवत: जलभृतों में प्रवेश कर सकता है, इससे पीने और सिंचाई के प्रयोजनों के लिये उपयोग किये जाने वाले भूजल में मीथेन विषाक्तता हो सकती है। **अत: विकल्प A सही है।**

नोट :

20.

उत्तर: C

व्याख्या:

- आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (CCEA) ने सड़कों और पुलों के निर्माण के शेष कार्यों को पूरा करने के लिये प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-I और II (PMGSY-I और II) को सितंबर 2022 तक जारी रखने हेतु अपनी मंज़ूरी दे दी है।
- PMGSY-I जनगणना-2001 के अनुसार मैदानी क्षेत्रों में 500 से अधिक जनसंख्या वाली और उत्तर-पूर्व तथा हिमालयी राज्यों में 250 से अधिक जनसंख्या वाली सड़क से वंचित बस्तियों को कनेक्टिविटी प्रदान करने हेतु वर्ष 2000 में शुरू की गई केंद्र प्रायोजित योजना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस योजना में पात्र बसावटों वाले उन सभी ज़िलों के लिये मौजूदा ग्रामीण सड़कों के उन्नयन के घटक भी शामिल थे। **अतः कथन 2 सही है।**

21.

उत्तर: C

व्याख्या:

- सामरिक पेट्रोलियम भंडार प्राकृतिक आपदाओं, युद्ध या अन्य आपदाओं के कारण आपूर्ति में व्यवधान के जोखिम जैसे किसी भी कच्चे तेल से संबंधित संकट से निपटने के लिये कच्चे तेल के विशाल भंडार होते हैं।
  - ओपेक (पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन) तेल संकट के बाद समर्पित रणनीतिक भंडार की अवधारणा को पहली बार वर्ष 1973 में अमेरिका में लाया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- IEA के अनुसार, 90 दिन की आवश्यकता को पूरा करने के लिये SPR स्तरों को बनाए रखने के आमतौर पर तीन तरीके हैं।
- रिफाइनरों के पास वाणिज्यिक स्टॉक,
- सरकार और एजेंसी के शेयर,
- देशों को संतुलन के अनुसार चुनना। **अतः कथन 2 सही है।**
- 3 सबसे बड़े सामरिक पेट्रोलियम भंडार जापान, अमेरिका, चीन के पास हैं। अतः कथन 3 सही नहीं है।

22.

उत्तर: A

व्याख्या:

अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय के बारे में

- ICJ संयुक्त राष्ट्र (UN) का एक प्रमुख न्यायिक अंग है।
- इसकी स्थापना वर्ष 1945 में संयुक्त राष्ट्र के चार्टर द्वारा की गई और वर्ष 1946 में इसने अंतर्राष्ट्रीय न्याय के स्थायी न्यायालय (Permanent Court of International Justice-PCIJ) के उत्तराधिकारी के रूप में काम करना शुरू किया।
- यह राष्ट्रों के बीच कानूनी विवादों को सुलझाता है और अधिकृत संयुक्त राष्ट्र के अंगों तथा विशेष एजेंसियों द्वारा निर्दिष्ट कानूनी प्रश्नों पर अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार सलाह देता है।
- यह हेग (नीदरलैंड्स) के पीस पैलेस में स्थित है। **अतः विकल्प A सही है।**

23.

उत्तर: B

व्याख्या

- 'समान नागरिक संहिता' का आशय पूरे देश में एक ही प्रकार के कानून के प्रचलन से है, जो सभी धार्मिक समुदायों पर उनके व्यक्तिगत मामलों जैसे- शादी, तलाक, विरासत, गोद लेने आदि में लागू होगा।

नोट :

- संविधान के अनुच्छेद 44 में कहा गया है कि राज्य, भारत के पूरे क्षेत्र में नागरिकों के लिये 'समान नागरिक संहिता' सुरक्षित करने का प्रयास करेगा।
  - अनुच्छेद-44 राज्य के नीति निदेशक तत्त्वों (DPSP) में से एक है।
- एकरूपता लाने के लिये न्यायालयों ने अक्सर अपने निर्णयों में कहा है कि सरकार को UCC की ओर बढ़ना चाहिये।
  - शाह बानो मामले (1985) का फैसला सर्वविदित है।
  - शायरा बानो मामले (2017) में सर्वोच्च न्यायालय ने तीन तालक (तलाक-ए-बिद्दत) की प्रथा को असंवैधानिक घोषित किया था। **अत: विकल्प B सही है।**

24.

उत्तर: D

व्याख्या

- संविधान का अनुच्छेद 245 संसद को पूरे या भारत के किसी भी हिस्से के लिये कानून बनाने की शक्ति देता है और राज्य विधानसभाओं को राज्य के लिये कानून बनाने की शक्ति देता है।
  - संसद को उसी प्रावधान से कानून को निरस्त करने की शक्ति भी प्राप्त है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - निरसन हेतु संसद की शक्ति संविधान के तहत कानून बनाने के समान है।
  - एक कानून को या तो पूरी तरह से या आंशिक रूप से या यहाँ तक कि उस हद तक निरस्त किया जा सकता है जहाँ तक यह अन्य कानूनों का उल्लंघन करता है।
- इस विधान में एक सनसेट क्लॉज़ भी हो सकता है, अर्थात् एक विशेष तिथि जिसके बाद उसका अस्तित्व समाप्त हो जाता है।
  - उन कानूनों के लिये जिनमें 'सनसेट क्लॉज़' शामिल नहीं है, संसद को कानून को निरस्त करने के लिये एक और कानून पारित करना होगा। **अत: कथन 2 सही है।**
  - कानूनों को दो तरीकों से निरस्त किया जा सकता है- या तो एक अध्यादेश के माध्यम से या कानून के माध्यम से।

25.

उत्तर: A

व्याख्या:

- भारत के राष्ट्रपति की वीटो पावर भारतीय संविधान के अनुच्छेद 111 द्वारा निर्देशित है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - वीटो पावर के तीन प्रकार हैं: पूर्ण वीटो, निरोधात्मक वीटो और पॉकेट वीटो।
    - अपवाद: जब संवैधानिक संशोधन विधेयकों की बात आती है तो राष्ट्रपति के पास कोई वीटो शक्ति नहीं होती है।
  - इसके अलावा राष्ट्रपति राज्य विधान के संबंध में भी पॉकेट वीटो का प्रयोग कर सकता है।
- भारतीय संविधान का अनुच्छेद 200 राज्य विधायिका द्वारा पारित विधेयकों को दी गई सहमति के संबंध में राज्यपाल की शक्तियों और राज्यपाल की अन्य शक्तियों जैसे राष्ट्रपति के विचार के लिये विधेयक को आरक्षित करने से संबंधित है।**अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - इस प्रकार राष्ट्रपति को राज्य के बिलों पर पूर्ण वीटो (और निलंबन वीटो नहीं) प्राप्त है।
  - राज्यपाल को राष्ट्रपति के विचार के लिये राज्य विधायिका द्वारा पारित कुछ प्रकार के विधेयकों को आरक्षित करने का अधिकार है।

26.

उत्तर: C

व्याख्या:

- इसका पहला उपग्रह (IRNSS-1A) 1 जुलाई, 2013 को और सातवें व अंतिम उपग्रह (IRNSS-1G) को 28 अप्रैल, 2016 को लॉन्च किया गया था।
  - IRNSS-1G के अंतिम प्रक्षेपण के साथ भारत के प्रधानमंत्री द्वारा IRNSS का नाम बदलकर नाविक- NavIC (Navigation in Indian Constellation) कर दिया गया।

नोट :

- वर्तमान में IRNSS में आठ उपग्रह हैं, जिसमें भूस्थिर कक्षा में तीन उपग्रह और भू-समकालिक कक्षा में पाँच उपग्रह शामिल हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह स्थापित और लोकप्रिय यूएस 'ग्लोबल पोज़ीशनिंग सिस्टम' (जीपीएस) की तरह ही काम करता है, लेकिन उपमहाद्वीप में 1,500 किलोमीटर के दायरे तक सीमित है।
  - तकनीकी रूप से अधिक उपग्रहों वाली उपग्रह प्रणालियाँ स्थिति की अधिक सटीक जानकारी प्रदान करती हैं।
    - हालाँकि जीपीएस (24 उपग्रह) जिसकी स्थिति सटीकता 20-30 मीटर है, की तुलना में नाविक 20 मीटर से कम की अनुमानित सटीकता को इंगित करने में सक्षम है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसे वर्ष 2020 में हिंद महासागर क्षेत्र में संचालन के लिये 'वर्ल्ड वाइड रेडियो नेविगेशन सिस्टम' (WWRNS) के एक भाग के रूप में अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन (IMO) द्वारा मान्यता दी गई थी। **अतः कथन 3 सही है।**
- भारत उन 5 देशों में से एक बन गया, जिनके पास अपना स्वयं का नेविगेशन सिस्टम है, जैसे कि यूएसए का जीपीएस, रूस का ग्लोनास, यूरोप का गैलीलियो और चीन का बाइडू। इसलिये नौवहन उद्देश्यों के लिये अन्य देशों पर भारत की निर्भरता कम हो जाती है। अतः कथन 4 सही नहीं है।

27.

उत्तर: D

व्याख्या

- 321 ईसा पूर्व में चंद्रगुप्त मौर्य ने 'चाणक्य' ('अर्थशास्त्र' के लेखक) की मदद से नंद वंश को उखाड़ फेंकने के बाद मौर्य वंश की स्थापना की।
- मौर्य साम्राज्य संपूर्ण भारतीय उपमहाद्वीप को एक ही शासन के तहत लाने वाला पहला सबसे शक्तिशाली भारतीय साम्राज्य था। **अतः कथन 1 सही है।**
  - अपने शासन के केंद्र में पाटलिपुत्र के साथ मौर्य साम्राज्य ने पहली बार अधिकांश दक्षिण एशिया को एकीकृत किया। **अतः कथन 2 सही है।**
- चंद्रगुप्त मौर्य का स्थान 298 ईसा पूर्व में उनके उत्तराधिकारी 'बिंदुसार' ने लिया, जिन्होंने कलिंग को छोड़कर वर्तमान भारत के अधिकांश हिस्सों में अपने राज्य का विस्तार किया। **अतः कथन 3 सही है।**
  - बिंदुसार का राज्य 274 ईसा पूर्व में उनके पुत्र अशोक महान को विरासत में मिला था।
    - कलिंग युद्ध के बाद अशोक ने रक्तपात को त्याग दिया और अहिंसा की नीति अपनाई तथा बौद्ध धर्म अपनाया।

28.

उत्तर: A

व्याख्या:

- अमेज़न विश्व के सबसे बड़े उष्णकटिबंधीय वर्षावन हैं जो उत्तरी दक्षिण अमेरिका में अमेज़न नदी और इसकी सहायक नदियों के जल निकासी बेसिन पर कब्ज़ा कर रहे हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- उष्णकटिबंधीय बंद वितान वन होते हैं जो भूमध्य रेखा के उत्तर या दक्षिण में 28 डिग्री के भीतर पाए जाते हैं।
- यहाँ या तो मौसमी रूप से या पूरे वर्ष में प्रतिवर्ष 200 सेमी. से अधिक वर्षा होती है।
  - तापमान समान रूप से उच्च होता है (20 डिग्री सेल्सियस और 35 डिग्री सेल्सियस के बीच)।
  - इस तरह के वन एशिया, ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका, मध्य अमेरिका, मैक्सिको और कई प्रशांत द्वीपों में पाए जाते हैं।
- अमेज़न एक विशाल बायोम है जो तेज़ी से विकसित आठ देशों- ब्राज़ील, बोलीविया, पेरू, इक्वाडोर, कोलंबिया, वेनेज़ुएला, गुयाना और सूरीनाम तथा फ्राँस के एक समुद्री पार क्षेत्र (Overseas Territory) फ्रेंच गुयाना तक फैला हुआ है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- अमेज़न वर्षावन लगभग 80% अमेज़न बेसिन को कवर करते हैं और दुनिया की लगभग 1/5 भूमि पर रहने वाली प्रजातियों का घर है तथा सैकड़ों स्वदेशी समूहों एवं कई अलग-अलग जनजातियों सहित लगभग 30 मिलियन लोगों का भी घर है।

29.

उत्तर: B

व्याख्या :

- USOF इस बात को सुनिश्चित करता है कि ग्रामीण और दूरदराज़ के क्षेत्रों में लोगों तक आर्थिक रूप से उचित कीमतों पर गुणवत्तापूर्ण सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी सेवाओं की सार्वभौमिक गैर-भेदभावपूर्ण पहुँच सुनिश्चित हो। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस फंड के सभी प्रकार के क्रेडिट के लिये संसदीय अनुमोदन की आवश्यकता होती है और इसे भारतीय टेलीग्राफ (संशोधन) अधिनियम, 2003 के तहत वैधानिक समर्थन प्राप्त है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह एक गैर-व्यपगत निधि है अर्थात् लक्षित वित्तीय वर्ष के तहत खर्च न की गई राशि व्यपगत नहीं होती है और अगले वर्षों के खर्च के लिये प्रयोग की जाती है।
- USOF संचार मंत्रालय के अधीन है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

30.

उत्तर: B

व्याख्या:

भारत पर सिकंदर का आक्रमण:

- 326 ईसा पूर्व में सिकंदर ने भारत पर आक्रमण किया, सिंधु नदी को पार करने के बाद वह तक्षशिला की ओर बढ़ा।
- फिर उसने झेलम और चिनाब नदियों के बीच के राज्य के शासक राजा पोरस को चुनौती दी। इस भीषण युद्ध (हाइडेस्पीज का युद्ध) में राजा पोरस हार गया।
  - सिकंदर ने पोरस पर कब्ज़ा कर लिया और अन्य स्थानीय शासकों की तरह, जिन्हें उसने हराया था, उसे अपने क्षेत्र पर शासन जारी रखने की अनुमति दी।
  - सिकंदर 19 महीने (326-325 ईसा पूर्व) तक भारत में रहा, उसके बाद सिकंदर और उसकी सेना घर के पश्चिम की ओर लौट आई। **अतः विकल्प B सही है।**

31.

उत्तर: B

व्याख्या:

- स्वच्छ सर्वेक्षण भारत के शहरों और कस्बों में स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन और समग्र स्वच्छता का वार्षिक सर्वेक्षण करता है।
  - इसे स्वच्छ भारत अभियान के हिस्से के रूप में लॉन्च किया गया था, जिसका उद्देश्य भारत को स्वच्छ और खुले में शौच से मुक्त बनाना था।
- स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 की श्रेणियाँ:
  - 1 लाख से कम आबादी: महाराष्ट्र के वीटा, लोनावाला और सासवड शहर क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे सबसे स्वच्छ शहर रहे।
  - 1 लाख से अधिक जनसंख्या: लगातार 5वें वर्ष इंदौर (मध्य प्रदेश) को स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत भारत के सबसे स्वच्छ शहर के खिताब से नवाजा गया।
  - बेस्ट गंगा टाउन: वाराणसी। अतः युग्म 1 सुमेलित नहीं है।
  - सबसे स्वच्छ छावनी: अहमदाबाद छावनी 'भारत की सबसे स्वच्छ छावनी' घोषित की गई, उसके पश्चात् मेरठ छावनी और दिल्ली छावनी का स्थान है।
  - 100 से अधिक शहरी स्थानीय निकाय वाले राज्य:
    - छत्तीसगढ़ को लगातार तीसरे वर्ष भारत के 'सबसे स्वच्छ राज्य' के रूप में सम्मानित किया गया है। अतः युग्म 2 सही सुमेलित है।
    - कर्नाटक ''फास्टेस्ट मूवर स्टेट' (Fastest Mover State) के रूप में उभरा है।

- 100 से कम शहरी स्थानीय निकाय (ULB) वाले राज्य:
  - झारखंड ने दूसरी बार "शहरी स्थानीय निकाय श्रेणी" में सबसे स्वच्छ राज्य का पुरस्कार जीता। अत: युग्म 3 सुमेलित नहीं है।
  - मिज़ोरम छोटे (100 से कम ULB) राज्य की श्रेणी में 'फास्टेस्ट मूवर स्टेट' के रूप में उभरा है।

32.

उत्तर: D

व्याख्या:

हाइपरसोनिक प्रौद्योगिकी:

- मिसाइल आधारित हाइपरसोनिक प्रौद्योगिकी की गति 'मैक या ध्वनि की गति' से 5 गुना ज़्यादा या इससे भी अधिक होती है।
  - हाई-हाइपरसोनिक तकनीक पर आधारित मिसाइलों की मैक संख्या कम-से-कम 10 (या ध्वनि की गति से 10 गुना) होती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- अधिकांश हाइपरसोनिक वाहन मुख्य रूप से स्क्रैमजेट तकनीक का उपयोग करते हैं, जो एक प्रकार की वायु श्वास प्रणोदन प्रणाली है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - स्क्रैमजेट इंजन, रैमजेट इंजन की तुलना में अत्यधिक कुशल है।
    - डुअल मोड रैमजेट (DMRJ), रैमजेट और स्क्रैमजेट का मिश्रण है।
  - स्क्रैमजेट (Scramjet) एक अत्यंत जटिल तकनीक है, जिसमें उच्च तापमान सहन करने की भी क्षमता होती है, जिसके कारण हाइपरसोनिक सिस्टम बेहद महँगा होता है।

33.

उत्तर: C

व्याख्या:

- बैंकों का समेकन वैश्विक, राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर पर उनकी उपस्थिति को मज़बूत करने में मदद करता है।
- साझा नेटवर्क की उपस्थिति से परिचालन लागत को कम भी किया जा सकेगा और इस बढ़ी हुई परिचालन दक्षता से बैंकों की उधार लागत भी कम हो जाएगी
- बड़े बैंकों में सरकारी खजाने पर निर्भर रहने के बजाय बाज़ार से संसाधन जुटाने की बेहतर क्षमता होती है।
- जिन बैंकों का विलय हो रहा है, उनसे शीर्ष स्तर पर निर्णय लेने में देरी देखे जाने की संभावना है क्योंकि ऐसे बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी सभी निर्णयों को ठंडे बस्ते में डाल देंगे और इससे सिस्टम में क्रेडिट डिलीवरी में गिरावट आएगी। **अत: विकल्प C सही नहीं है।**

34.

उत्तर: B

व्याख्या

- शांति, निरस्त्रीकरण और विकास के लिये 'इंदिरा गांधी पुरस्कार' की स्थापना वर्ष 1986 में 'इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्रस्ट' द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री की स्मृति में की गई थी। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसमें एक प्रशस्ति पत्र के साथ 25 लाख रुपए का मौद्रिक पुरस्कार शामिल है।
- यह पुरस्कार उन व्यक्तियों या संगठनों को दिया जाता है, जो अंतर्राष्ट्रीय शांति और विकास सुनिश्चित करने के लिये काम करते हैं, यह सुनिश्चित करता है कि वैज्ञानिक खोजों का उपयोग स्वतंत्रता और बेहतर मानवता के दायरे को आगे बढ़ाने तथा एक नई अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था के लिये किया जाए।
- हाल ही में एक नागरिक समाज संगठन- 'प्रथम' को वर्ष 2021 के लिये शांति, निरस्त्रीकरण और विकास हेतु 'इंदिरा गांधी पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

35.

उत्तर: A

व्याख्या:

प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण:

- लॉन्च: वर्ष 2022 तक "सभी के लिये आवास" के उद्देश्य को प्राप्त करने हेतु पूर्ववर्ती ग्रामीण आवास योजना- इंदिरा आवास योजना (IAY) को 1 अप्रैल, 2016 से पीएमएवाई-जी के रूप में पुनर्गठित किया गया था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- शामिल मंत्रालय: ग्रामीण विकास मंत्रालय। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- उद्देश्य: मार्च 2022 के अंत तक सभी ग्रामीण परिवारों, जो बेघर हैं या कच्चे या जीर्ण-शीर्ण घरों में रह रहे हैं, को बुनियादी सुविधाओं के साथ एक पक्का घर उपलब्ध कराना।

  गरीबी रेखा से नीचे (BPL) के ग्रामीण लोगों को आवासीय इकाई के निर्माण और मौजूदा अनुपयोगी कच्चे मकानों के उन्नयन में पूर्ण अनुदान के रूप में सहायता प्रदान करना।
- लाभार्थी: अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लोग, मुक्त बंधुआ मज़दूर और गैर-एससी/एसटी वर्ग, विधवा या कार्रवाई में मारे गए रक्षा कर्मियों के परिजन, पूर्व सैनिक तथा अर्द्धसैनिक बलों के सेवानिवृत्त सदस्य, दिव्यांग व्यक्ति व अल्पसंख्यक। **अतः कथन 3 सही है।**

36.

उत्तर: C

व्याख्या:

- वर्ष 1995 में भूरिया समिति की सिफारिशों के बाद भारत के अनुसूचित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों हेतु आदिवासी स्वशासन सुनिश्चित करने के लिये पेसा अधिनियम 1996 अस्तित्व में आया। **अतः कथन 1 सही है।**
- पेसा ग्राम सभाओं को विकास योजनाओं की मंज़ूरी देने और सभी सामाजिक क्षेत्रों को नियंत्रित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने का अधिकार देता है। इस प्रबंधन में निम्नलिखित शामिल है:
  - जल, जंगल, ज़मीन पर संसाधन।
  - लघु वनोत्पाद।
  - मानव संसाधन: प्रक्रियाएँ और कार्मिक जो नीतियों को लागू करते हैं।
  - स्थानीय बाज़ारों का प्रबंधन।
  - भूमि अलगाव को रोकना।
  - नशीले पदार्थों को नियंत्रित करना। **अतः कथन 2 सही है।**

37.

उत्तर: (c)

व्याख्या:

- स्वतंत्रता के बाद भारत सरकार द्वारा 26 जनवरी, 1950 को प्रारंभिक तीन वीरता पुरस्कार- परम वीर चक्र, महावीर चक्र और वीर चक्र स्थापित किये गए थे, जिन्हें 15 अगस्त, 1947 से प्रभावी माना गया। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- परम वीर चक्र भारत का सर्वोच्च सैन्य अलंकरण है, जो युद्ध (चाहे वह ज़मीन पर हो, समुद्र में या हवा में) के दौरान वीरता के विशिष्ट कार्यों को प्रदर्शित करने के लिये दिया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- महावीर चक्र ज़मीन पर, समुद्र में या हवा में दुश्मन की उपस्थिति में विशिष्ट वीरता के कार्यों के लिये दिया जाने वाला दूसरा सर्वोच्च वीरता पुरस्कार है।
- अशोक चक्र शांतिकाल के दौरान वीरता, साहसिक कार्रवाई या बलिदान के लिये दिया जाने वाला सर्वोच्च सैन्य पुरस्कार है। **अतः कथन 3 सही है।**

**नोट :**

38.

उत्तर: B

व्याख्या:

- व्हाइट ड्वार्फ वे तारे हैं जिन्होंने उस हाइड्रोजन को जला दिया जिसे वे परमाणु ईंधन के रूप में इस्तेमाल करते थे।
  - जब हाइड्रोजन का ईंधन के रूप में उपयोग किया जाता है तो यह विलुप्त हो जाता है और संलयन धीमा हो जाता है एवं गुरुत्वाकर्षण के कारण तारे अपने आप व्हाइट ड्वार्फ के रूप में परिवर्तित हो जाते हैं।
  - चंद्रशेखर सीमा से कम विशाल तारे व्हाइट ड्वार्फ में बदल जाएंगे। ये तारे चंद्रशेखर सीमा से भी अधिक विशाल हैं जो थर्मोन्यूक्लियर सुपरनोवा में बदल जाएंगे। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- नाभिकीय संलयन प्रतिक्रिया में दो परमाणुओं के नाभिक एक नए परमाणु का निर्माण करते हैं। नाभिकीय संलयन अभिक्रियाओं के माध्यम से ये अपने कोर में हाइड्रोजन को हीलियम में संलयित करते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

39.

उत्तर: D

व्याख्या

- हाल ही में भारत-जर्मन सहयोग के तहत नीति आयोग ने 'सतत् विकास लक्ष्य (SDG) शहरी सूचकांक और डैशबोर्ड' 2021-22 जारी किया। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- 'एसडीजी शहरी सूचकांक और डैशबोर्ड 2021-22' एसडीजी स्थानीयकरण को और मज़बूत करेगा तथा शहर स्तर पर मज़बूत एसडीजी निगरानी सुनिश्चित करेगा। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- शहर तीव्र गति से विकास का इंजन बन रहे हैं। 'एसडीजी अर्बन इंडेक्स और डैशबोर्ड' शहरों में एक मज़बूत एसडीजी निगरानी प्रणाली स्थापित करने हेतु महत्त्वपूर्ण है और यह भारत की एसडीजी स्थानीयकरण यात्रा में एक अनिवार्य भूमिका अदा करेगा।

40.

उत्तर: A

व्याख्या:

- हाल ही में भारतीय रेलवे ने व्यापक पर्यटन संभावनाओं के दोहन के लिये नई योजना 'भारत गौरव' की घोषणा की है। **अतः विकल्प A सही है।**
- योजना के तहत अब ट्रेनों में पर्यटन के लिये तीसरा अनुभाग होगा। अब तक रेलवे के पास यात्री अनुभाग और माल अनुभाग थे।
- ये नियमित ट्रेनें नहीं हैं जो एक समय सारिणी के अनुसार चलेंगी बल्कि आईआरसीटीसी (IRCTC) द्वारा चलाई जा रही रामायण एक्सप्रेस की तर्ज पर संचालित की जाएंगी।

41.

उत्तर: B

व्याख्या:

- हाल ही में पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने विश्व रोगाणुरोधी जागरूकता सप्ताह (WAAW - 18-24 नवंबर) के दौरान रोगाणुरोधी प्रतिरोध (AMR) से निपटने के लिये राष्ट्रीय कार्ययोजना पर एक कार्यशाला का आयोजन किया।
  - वर्ष 2021 के WAAW की थीम थी- "जागरूकता फैलाओ, प्रतिरोध रोको" (Spread Awareness, Stop Resistance)।
  - WAAW के दौरान AMR के त्रिपक्षीय संगठनों (विश्व स्वास्थ्य संगठन, संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन तथा विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन) द्वारा AMR के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद हेतु एक अंतर्राष्ट्रीय कलर अभियान, 'गो ब्लू' शुरू किया गया।

नोट :

- रोगाणुरोधी प्रतिरोध (Antimicrobial Resistance-AMR) का तात्पर्य किसी भी सूक्ष्मजीव (बैक्टीरिया, वायरस, कवक, परजीवी आदि) द्वारा एंटीमाइक्रोबियल दवाओं (जैसे- एंटीबायोटिक्स, एंटीफंगल, एंटीवायरल, एंटीमाइरियल और एंटीहेलमिंटिक्स) जिनका उपयोग संक्रमण के इलाज के लिये किया जाता है, के खिलाफ प्रतिरोध हासिल कर लेने से है।
  - रोगाणुरोधी प्रतिरोध विकसित करने वाले सूक्ष्मजीवों को कभी-कभी "सुपरबग्स" के रूप में जाना जाता है।
  - विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा AMR की पहचान शीर्ष 10 वैश्विक स्वास्थ्य खतरों में से एक के रूप में की गई है। अत: विकल्प B सही है।

42.

उत्तर: A

व्याख्या:

- यह वैश्विक, क्षेत्रीय और विभिन्न देशों के मध्य विश्व की पोषण स्थिति के बारे में विवरण प्रदान करती है और इसे सुधारने के प्रयासों पर एक रिपोर्ट कार्ड के रूप में कार्य करती है।
- हाल ही में जारी वैश्विक पोषण रिपोर्ट, 2021 (Global Nutrition Report) के अनुसार, भारत ने एनीमिया (Anaemia) और चाइल्डहुड वेस्टिंग (Childhood Wasting) पर कोई प्रगति नहीं की है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - 15-49 आयु वर्ग की आधी से अधिक भारतीय महिलाएँ एनीमिक हैं। वर्ष 2016 के बाद से भारत में एनीमिक महिलाएँ 52.6% थी जो वर्ष 2020 में 53% हो गई है।
  - भारत भी उन 23 देशों में शामिल है, जिन्होंने चाइल्डहुड वेस्टिंग को कम करने पर कोई प्रगति नहीं की है।
- विश्व पोषण लक्ष्य: वर्ष 2012 में विश्व स्वास्थ्य सभा (विश्व स्वास्थ्य संगठन की निर्णय लेने वाली संस्था) ने वर्ष 2025 तक के लिये छह पोषण लक्ष्यों की पहचान की है।
  - वर्ष 2025 तक केवल सात देश छह मातृ, शिशु और युवा बाल पोषण लक्ष्यों मंर से चार को पूरा करने की दिशा में अग्रसर हैं, जबकि कोई भी देश वयस्क मोटापे में वृद्धि को रोकने या नमक/सोडियम सेवन में 30% की सापेक्ष कमी हासिल करने की दिशा में अग्रसर नहीं है। **अत: कथन 1 सही है।**

43.

उत्तर: C

व्याख्या:

कॉफी के बारे में:

- कॉफी को भारत में सत्रहवीं शताब्दी के अंत में पेश किया गया था।
- कहानी यह है कि मक्का गया एक भारतीय तीर्थयात्री वर्ष 1670 में यमन से सात फलियों को तस्करी कर भारत लाया (उस समय अरब से कॉफी के बीज लाना अवैध माना जाता था) और उसने उन्हें कर्नाटक की चंद्रगिरी पहाड़ियों में उगाया।
- भारत में कॉफी पश्चिमी और पूर्वी घाटों के पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में घने प्राकृतिक वृष्टि छाया क्षेत्र में उगाई जाती है।
- आवश्यक जलवायु परिस्थितियाँ:
  - कॉफी के पौधों के लिये ऊष्ण और आर्द्र जलवायु की आवश्यकता होती है, जिसमें तापमान 15 डिग्री सेल्सियस और 28 डिग्री सेल्सियस के बीच होता है तथा 150 से 250 सेमी. तक वर्षा होती है।

  तुषार/पाला (Frost), हिमपात, 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर उच्च तापमान और तेज़ धूप कॉफी फसल के लिये अनुकूल नहीं होती है तथा आमतौर पर यह छायादार पेड़ों के नीचे उगाई जाती है।
  - बेरी के पकने के समय शुष्क मौसम की आवश्यकता होती है।
  - इसके लिये स्थिर जल हानिकारक होता है और समुद्र तल से 600 से 1600 मीटर की ऊँचाई पर पहाड़ी ढलानों पर फसल उगाई जाती है।

- बेहतर जल निकास प्रणाली, दोमट मिट्टी, जिसमें भरपूर मात्रा में ह्यूमस, आयरन और कैल्शियम जैसे खनिज पदार्थ होते हैं, कॉफी की खेती के लिये आदर्श हैं। **अत: विकल्प C सही है।**

44.

उत्तर: B

व्याख्या

- भारत, मालदीव और श्रीलंका के बीच द्विवार्षिक त्रिपक्षीय तटरक्षक अभ्यास 'दोस्ती' के 15वें संस्करण का आयोजन मालदीव में किया गया।
- इस अभ्यास ने वर्ष 2021 में 30 वर्ष पूरे कर लिये हैं। **अत: विकल्प B सही है।**

45.

उत्तर: C

व्याख्या:

- एक्रॉस योजना, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (MoES) के वायुमंडलीय विज्ञान कार्यक्रमों से संबंधित है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह योजना मौसम, जलवायु एवं समुद्र के बारे में बेहतर तरीके से पूर्वानुमान एवं सेवाएँ और अन्य जोखिम संबंधी सेवाएँ प्रदान करेगी। इसमें चक्रवात, तूफानी लहरों, हीट वेव और तड़ित झंझा से संबंधित चेतावनी शामिल होगी। **अत: कथन 2 सही है।**
- पूर्वानुमान से जुड़ी सूचनाओं को तैयार करने से लेकर इनके वितरण तक की पूरी प्रक्रिया में हर स्तर पर काफी संख्या में श्रमशक्ति की ज़रूरत होती है, जिससे कई लोगों के लिये रोज़गार के अवसर पैदा होते हैं।

46.

उत्तर: A

व्याख्या

डिजिटल सेवा कर (DSTs)

- यह कर गूगल, अमेज़न और एप्पल जैसी डिजिटल बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा डिजिटल सेवाएँ प्रदान करने के बदले प्राप्त राजस्व पर अधिरोपित किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD) वर्तमान में 130 से अधिक देशों के साथ वार्ता कर रहा है, जिसका उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय कर प्रणाली को अनुकूलित करना है। इस वार्ता का एक लक्ष्य अर्थव्यवस्था के डिजिटलीकरण की कर चुनौतियों का समाधान करना है।
- बीते दिनों सरकार ने 2 करोड़ रुपए से अधिक के कारोबार वाले गैर-निवासी ई-कॉमर्स ऑपरेटरों द्वारा प्रदान किये गए व्यापार और सेवाओं पर 2 प्रतिशत डिजिटल सेवा कर (DST) लगाते हुए वित्त विधेयक 2020-21 में एक संशोधन किया था। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

47.

उत्तर: C

व्याख्या:

- 2016 के उत्तरार्द्ध में हवाना (क्यूबा) में तैनात संयुक्त राज्य अमेरिका के कुछ राजनयिकों और उनके कर्मचारियों ने कुछ सामान्य लक्षणों की सूचना दी थी।
  - उन सभी ने कुछ अजीब सी आवाज़ें सुनने और अजीब शारीरिक संवेदनाओं का अनुभव करने के बाद इस बीमारी को महसूस किया। **अत: कथन 1 सही है।**
- अमेरिका ने क्यूबा पर "ध्वनि हमला" (Sonic Attacks) करने का आरोप लगाया था लेकिन क्यूबा ने इस बीमारी या सिंड्रोम के बारे में किसी भी तरह की जानकारी होने से इनकार कर दिया।
  - तब से कई निकाय और संस्थान हवाना सिंड्रोम के कारणों पर शोध कर रहे हैं और इन संस्थाओं ने अब तक कई संभावित कारकों की खोज की है।

नोट :

- इस बीमारी के लक्षणों में मिचली, तीव्र सिरदर्द, थकान, चक्कर आना, नींद की समस्या आदि शामिल हैं।
  - उनमें से कुछ लोग जो अत्यधिक प्रभावित हुए थे, उन्हें वेस्टिबुलर प्रसंस्करण (Vestibular Processing) और संज्ञानात्मक (Cognitive) समस्याओं जैसी चिरकालिक मुद्दों का सामना करना पड़ा।
- वर्ष 2020 में नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज़ (NAS), यूएस की एक रिपोर्ट में हवाना सिंड्रोम का प्रमुख कारण निर्देशित माइक्रोवेव विकिरण पाया गया। **अत: कथन 2 सही है।**

48.

उत्तर: A

व्याख्या:

माइक्रोवेव हथियार:

- प्रत्यक्ष ऊर्जा हथियार (DEW): माइक्रोवेव हथियार एक प्रकार के प्रत्यक्ष ऊर्जा हथियार होते हैं, जो अपने लक्ष्य को अत्यधिक केंद्रित ऊर्जा रूपों जैसे- ध्वनि, लेज़र या माइक्रोवेव आदि द्वारा लक्षित करते हैं।
  - इसमें उच्च-आवृत्ति के विद्युत चुंबकीय विकिरण द्वारा मानव शरीर में संवेदना पैदा की जाती है।
- ऐसा माना जाता है कि एक से अधिक देशों ने मानव और इलेक्ट्रॉनिक दोनों प्रणालियों को लक्षित करने के लिये इन हथियारों को विकसित किया है।
  - चीन ने पहली बार वर्ष 2014 में एक एयर शो में पॉली डब्ल्यू.बी.-1 (Poly WB-1) नामक "माइक्रोवेव हथियार" का प्रदर्शन किया था।
  - संयुक्त राज्य अमेरिका ने भी 'एक्टिव डेनियल सिस्टम' (Active Denial System) नामक 'प्रोटोटाइप माइक्रोवेव हथियार' विकसित किया है जो कि पहला गैर-घातक, निर्देशित-ऊर्जा, काउंटर-कार्मिक प्रणाली है, जिसमें वर्तमान में गैर-घातक हथियारों की तुलना में अधिक विस्तारित क्षमता विद्यमान है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - हाल ही में रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) ने उच्च-ऊर्जा लेज़र और माइक्रोवेव का उपयोग करके निर्देशित ऊर्जा हथियार (DEW) विकसित करने की योजना की घोषणा की है।
- इस प्रकार के हथियार देशों की चिंता का कारण बन रहें है, क्योंकि ये मशीनों और इंसानों दोनों को प्रभावित कर सकते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
  - ये हथियार मानव शरीर पर बिना किसी निशान के उन्हें दीर्घकालिक नुकसान पहुँचा सकते हैं।

49.

उत्तर: D

व्याख्या:

- सामान्य शब्दों में कुल प्रजनन दर (TFR) का तात्पर्य उन बच्चों की कुल संख्या से है जो किसी महिला के अपने जीवनकाल में पैदा होते है या होने की संभावना है, यदि वह जनसंख्या में आयु-विशिष्ट प्रजनन क्षमता की प्रचलित दर के अधीन थी। **अत: कथन 1 सही है।**
  - प्रति महिला लगभग 2.1 बच्चों के टीएफआर को 'प्रतिस्थापन स्तर' कहा जाता है। प्रति महिला 2.1 बच्चों से कम टीएफआर इंगित करता है कि एक पीढ़ी स्वयं को प्रतिस्थापित करने हेतु पर्याप्त बच्चे पैदा नहीं कर रही है, अंतत: जनसंख्या में एकमुश्त कमी आई है। **अत: कथन 2 सही है।**
- हाल ही में 'राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण' (NFHS 2019-21) के नवीनतम आँकड़े जारी किये गए हैं।
  - ये आँकड़े 'कुल प्रजनन दर' (TFR: प्रति महिला पर कुल बच्चों की औसत संख्या) के संबंध में गिरावट की प्रवृत्ति को दर्शाते हैं।
  - दशकों तक चले परिवार नियोजन कार्यक्रम के कारण 'कुल प्रजनन दर' वर्ष 2015-16 में रिपोर्ट किये गए 2.2 से गिरकर इस वर्ष 2.0 तक पहुँच गई है। **अत: कथन 3 सही है।**
    - टीएफआर शहरी क्षेत्रों में 1.6 और ग्रामीण भारत में 2.1 है।
    - 1950 के दशक में कुल प्रजनन दर 6 या उससे अधिक थी।
  - इसका कारण मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार है।

50.

उत्तर: C

व्याख्या

- तकनीकी रूप से सक्रिय वलित हिमालय पहाड़ों की उपस्थिति के कारण भारत भूकंप प्रभावित देशों में से एक है। **अतः कथन 1 सही है।**
- अतीत में आए भूकंप तथा विवर्तनिक झटकों के आधार पर भारत को चार भूकंपीय क्षेत्रों (II, III, IV और V) में विभाजित किया गया है।
- पहले भूकंप क्षेत्रों को भूकंप की गंभीरता के संबंध में पाँच क्षेत्रों में विभाजित किया गया था, लेकिन भारतीय मानक ब्यूरो (Bureau of Indian Standards- BIS) ने पहले दो क्षेत्रों को एक साथ मिलाकर देश को चार भूकंपीय क्षेत्रों में विभाजित किया है।
  - BIS भूकंपीय खतरे के नक्शे और कोड को प्रकाशित करने हेतु एक आधिकारिक एजेंसी है। **अतः कथन 2 सही है।**

51.

उत्तर: D

व्याख्या

- 'STEM' (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) की अवधारणा 'यूएस नेशनल साइंस फाउंडेशन' (NSF) द्वारा वर्ष 2001 में प्रस्तुत की गई थी।
  - भारत उन देशों में से एक है जहाँ सबसे अधिक संख्या में वैज्ञानिक और इंजीनियर मौजूद हैं, पिछले कुछ वर्षों में 'STEM' की वृद्धि में काफी तेज़ी आई है।
  - भारत के संविधान के अनुच्छेद 51A के अनुसार, भारत के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य वैज्ञानिक सोच, मानवतावाद और सुधार की भावना का विकास करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- STEM में महिलाओं की भागीदारी: भारत में लगभग 43% महिलाएँ STEM में स्नातक हैं, जो दुनिया में सबसे अधिक है किंतु भारत में STEM क्षेत्र में नौकरियों के मामले में महिलाओं की हिस्सेदारी केवल 14% है। **अतः विकल्प 2 सही है।**
- महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिये पहल:
  - विज्ञान ज्योति योजना: इस योजना के अंतर्गत छात्राओं के लिये भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों और राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं में विज्ञान शिविर का आयोजन किया जाएगा, साथ ही विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कॉर्पोरेट, विश्वविद्यालयों तथा डीआरडीओ जैसे शीर्ष संस्थानों में कार्यरत सफल महिलाओं से शिविर के माध्यम से संपर्क स्थापित करवाया जाएगा।
  - किरण योजना (KIRAN Scheme)
    - केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा किरण योजना (KIRAN Scheme) की शुरुआत की गई।
    - किरण (KIRAN) का पूर्ण रूप 'शिक्षण द्वारा अनुसंधान विकास में ज्ञान की भागीदारी' (Knowledge Involvement in Research Advancement through Nurturing) है।
    - KIRAN योजना विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र में लैंगिक समानता से संबंधित विभिन्न मुद्दों/चुनौतियों का समाधान कर रही है। **अतः कथन 3 सही है।**

52.

उत्तर: B

व्याख्या:

- हाल ही में राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (NFHS 2019-21) के नवीनतम आँकड़े जारी किये गए हैं।
  - बाल विवाह की स्थिति: 20-24 वर्ष की आयु की महिलाओं की हिस्सेदारी जिन्होंने 18 वर्ष की आयु से पहले शादी की थी, पिछले पाँच वर्षों में 27% से घटकर 23% हो गई है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - पश्चिम बंगाल और बिहार में बालिका विवाह (प्रत्येक राज्य में लगभग 41% ऐसी महिलाएँ) का प्रचलन सबसे अधिक था।
    - राजस्थान, मध्य प्रदेश और हरियाणा में कम उम्र के विवाहों के अनुपात में सबसे अधिक कमी देखी गई।

- बड़े पैमाने पर एनीमिया: 2015-16 के 53% की तुलना में 2019-21 में 15-49 आयु वर्ग की 57% महिलाओं में एनीमिया पाया गया, जबकि पुरुषों का आँकड़ा 22.7% से बढ़कर 25% हो गया। **अत: कथन 2 सही है।**
  - बड़े राज्यों में एनीमिया से ग्रस्त महिलाओं की संख्या सबसे अधिक पश्चिम बंगाल में और सबसे कम केरल में दर्ज की गई।

53.

उत्तर: C

व्याख्या

- पशुपालन और डेयरी मंत्रालय प्रतिवर्ष 26 नवंबर को 'राष्ट्रीय दुग्ध दिवस' (NMD) मनाता है।
- राष्ट्रीय दुग्ध दिवस 'डॉ. वर्गीज कुरियन' (भारत के 'मिल्क मैन') की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - 'राष्ट्रीय दुग्ध दिवस-2021' डॉ. कुरियन की 100वीं जयंती को संदर्भित करता है।
- ऑपरेशन फ्लड ने वर्ष 2016-17 में भारत को विश्व में दूध का सबसे बड़ा उत्पादक बनने में मदद की।
  - वर्तमान में भारत विश्व का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक है, जिसका वैश्विक उत्पादन 22% है। **अत: कथन 2 सही है।**
- डॉ वर्गीज कुरियन को श्वेत क्रांति में उनके योगदान के लिये भारत के मिल्क मैन के रूप में जाना जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

54.

उत्तर: C

व्याख्या:

- संविधान का निर्माण:
  - वर्ष 1934 में एम.एन. रॉय ने पहली बार संविधान सभा के विचार का प्रस्ताव रखा।
  - वर्ष 1946 में कैबिनेट मिशन योजना के तहत संविधान सभा के गठन के लिये चुनाव हुए। **अत: कथन 1 सही है।**
  - भारत के संविधान का निर्माण संविधान सभा द्वारा किया गया। भारत की संविधान सभा ने संविधान के निर्माण से संबंधित विभिन्न कार्यों को करने के लिये कुल 13 समितियों का गठन किया।

  इनमें 8 प्रमुख समितियाँ थीं और शेष छोटी थीं। प्रमुख समितियों और उनके प्रमुखों की सूची नीचे दी गई है:
    - मसौदा समिति- बी.आर. अंबेडकर
    - संघ शक्ति समिति- जवाहरलाल नेहरू
    - केंद्रीय संविधान समिति- जवाहरलाल नेहरू
    - प्रांतीय संविधान समिति- वल्लभभाई पटेल
    - मौलिक अधिकारों, अल्पसंख्यकों और जनजातीय तथा बहिष्कृत क्षेत्रों पर सलाहकार समिति- वल्लभभाई पटेल। **अत: कथन 2 सही है।**
    - प्रक्रिया समिति के नियम- राजेंद्र प्रसाद
    - राज्य समिति (राज्यों के साथ बातचीत के लिये समिति)- जवाहरलाल नेहरू
    - संचालन समिति- राजेंद्र प्रसाद

55.

उत्तर: A

व्याख्या:

- हाल ही में रूस ने एक सैन्य उपग्रह को सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया है। इसे टुंड्रा उपग्रह माना जा रहा है, जो कुपोल या डॉम नामक रूस की प्रारंभिक चेतावनी मिसाइल-विरोधी प्रणाली का हिस्सा है।
- टुंड्रा वर्ष 2015 और 2020 के बीच रूस द्वारा स्थापित मिसाइल प्रारंभिक चेतावनी उपग्रहों का एक समूह है।
- टुंड्रा उपग्रह परमाणु युद्ध की स्थिति में उपयोग किये जाने के लिये एक सुरक्षित आपातकालीन संचार पेलोड ले जाने में सक्षम है।

नोट :

- उपग्रहों की टुंड्रा श्रृंखला ओको-1 प्रणाली के प्रारंभिक चेतावनी उपग्रहों को बदलने हेतु रूसी प्रारंभिक चेतावनी उपग्रहों की अगली पीढ़ी है।
  - इस अंतिम ओको-1 उपग्रह (मिसाइल डिफेंस अर्ली वार्निंग प्रोग्राम) ने कथित तौर पर वर्ष 2014 के मध्य से काम करना बंद कर दिया, जिससे रूस ज़मीन पर आधारित 'मिसाइल डिटेक्शन सिस्टम' पर निर्भर हो गया।
- टुंड्रा उपग्रह EKS या 'यूनिफाइड स्पेस सिस्टम' (कभी-कभी कुपोल या डॉम के रूप में संदर्भित) का हिस्सा है, जिसमें भू-स्थिर कक्षा में कई उपग्रह भी शामिल होंगे।
  - इसका अनावरण वर्ष 2019 में किया गया, कुपोल को बैलिस्टिक मिसाइलों के प्रक्षेपण का पता लगाने और उन्हें उनके लैंडिंग साइट पर ट्रैक करने के लिये डिज़ाइन किया गया है, हालाँकि इसका सटीक विन्यास अज्ञात है। **अतः विकल्प A सही है।**

56..

उत्तर: D

व्याख्या

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार कानून पर संयुक्त राष्ट्र आयोग:

- यह अंतर्राष्ट्रीय व्यापार कानून के क्षेत्र में संयुक्त राष्ट्र प्रणाली का मुख्य कानूनी निकाय है।

इसकी स्थापना वर्ष 1966 में इस उद्देश्य से की गई थी कि यह सदस्य देशों के बीच अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का एक महत्त्वपूर्ण कारक है।

- अपने कई मॉडल कानूनों, कन्वेंशनों, और कार्य समूहों के बीच मज़बूत वार्ता के माध्यम से 'UNCITRAL' ने सदस्य देशों को उनकी परिस्थितियों के लिये उपयुक्त अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्यिक एवं व्यापार कानून के सिद्धांतों की तुलना, जाँच, वार्ता तथा उन्हें अपनाने हेतु एक मूल्यवान मंच प्रदान किया है।
- भारत उन आठ देशों में से एक है, जो 'UNCITRAL' की स्थापना से ही उसके सदस्य हैं।
- UNCITRAL मॉडल सीमा पार दिवाला मुद्दों से निपटने के लिये सबसे व्यापक रूप से स्वीकृत कानूनी ढाँचा है।
  - इसे ब्रिटेन, अमेरिका, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया और सिंगापुर समेत 49 देशों ने अपनाया है। **अतः विकल्प D सही है।**

57.

उत्तर: A

व्याख्या:

- स्वदेश पहला बड़े पैमाने वाला मल्टीमॉडल न्यूरोइमेजिंग डेटाबेस है जिसे विशेष रूप से एक मंच के तहत विभिन्न रोग श्रेणियों ( दिये गए चित्र ) के लिये बड़े डेटा आर्किटेक्चर और एनालिटिक्स के साथ भारतीय आबादी हेतु डिज़ाइन किया गया है।
- इस योजना में एक बड़ा डेटा आर्किटेक्चर है जो 6 मॉड्यूल्स के प्रबंधन और विश्लेषण का प्रस्ताव करता है। इन मॉड्यूल्स में शामिल हैं- न्यूरोडिजेनेरेटिव [एडी, माइल्ड कॉग्निटिव इम्पेयरमेंट (MCI), पार्किंसंस रोग (PD)], न्यूरोसाइकाइट्रिक (सिज़ोफ्रेनिया और बाइपोलर विकार), न्यूरोडेवलपमेंटल (ऑटिज़्म व मिर्गी), कोविड-19 से संबंधित बीमारियाँ तथा अन्य विकार।
- स्वदेश जावा आधारित वर्कफ्लो वातावरण और पायथन से युक्त है जो इसे गुणवत्ता नियंत्रण, डेटा विश्लेषण रिपोर्ट और डेटा बैकअप उपलब्ध कराता है।
  - पायथन और जावा दोनों कंप्यूटर प्रोग्रामिंग की भाषाएँ हैं। **अतः विकल्प A सही है।**

58.

उत्तर: B

व्याख्या:

- वायु गुणवत्ता और मौसम पूर्वानुमान तथा अनुसंधान प्रणाली (The System of Air Quality and Weather Forecasting And Research- SAFAR) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (Ministery of Earth Science- MoES) द्वारा महानगरों के किसी स्थान विशिष्ट के समग्र प्रदूषण स्तर और वायु गुणवत्ता को मापने के लिये शुरू की गई एक राष्ट्रीय पहल है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

- यह भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (Indian Institute of Tropical Meteorology- IITM) पुणे द्वारा विकसित एक स्वदेशी प्रणाली है तथा इसका संचालन भारत मौसम विभाग (India Meteorological Department- IMD) द्वारा किया जाता है।
- यह दिल्ली में परिचालित भारत की पहली वायु गुणवत्ता पूर्व-चेतावनी प्रणाली (Air Quality Early Warning System) का एक अभिन्न अंग है।

- यह मौसम के सभी मापदंडों जैसे- तापमान, वर्षा, आर्द्रता, हवा की गति एवं दिशा, पराबैंगनी किरणों और सौर विकिरण आदि की निगरानी करती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने SAFAR को इसके कार्यान्वयन में उच्च गुणवत्ता नियंत्रण और मानकों को बनाए रखने के आधार पर एक प्रोटोटाइप गतिविधि के रूप में मान्यता दी है।
- प्रदूषकों की निगरानी:
  - इनमें PM2.5, PM10, ओज़ोन, कार्बन मोनोऑक्साइड (CO), नाइट्रोजन ऑक्साइड (NOx), सल्फर डाइऑक्साइड ($SO_2$), बेंजीन, टोल्यूनि, ज़ाइलीन और मरकरी शामिल हैं।

59.

उत्तर: D

व्याख्या

- ब्रिक्स सदस्य देशों ने समूह की 'विज्ञान और प्रौद्योगिकी संचालन समिति' की 12वीं बैठक के दौरान भारत द्वारा प्रस्तावित विज्ञान, प्रौद्योगिकी व नवाचार (STI) के नेतृत्व वाली 'ब्रिक्स नवाचार सहयोग कार्ययोजना' (2021-24) पर सहमति व्यक्त की है।
- यह एक-दूसरे के नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र के अनुभवों को साझा करने के साथ ही नवप्रवर्तकों तथा उद्यमियों को नेटवर्किंग की सुविधा प्रदान करेगी।
- विषयगत क्षेत्रों में शामिल हैं:
  - ट्रांसिएंट एस्ट्रोनॉमिकल इवेंट्स एंड डीप सर्वे साइंस, एंटीमाइक्रोबियल रेज़िस्टेंस (AMR), बिग डेटा एनालिटिक्स, इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप ऑन फोटोनिक, नैनोफोटोनिक्स और मेटामैटेरियल्स फॉर एड्रेसिंग बायोमेडिसिन, एग्रीकल्चर, फूड इंडस्ट्री, एनर्जी हार्वेस्टिंग इश्यूज़ आदि। **अतः विकल्प D सही है।**
- योजना के अनुसार ब्रिक्स मंत्रियों और उनके प्रतिनिधियों ने 2020-2021 की गतिविधियों के लिये ब्रिक्स विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार कैलेंडर का समर्थन किया।

60.

उत्तर: B

व्याख्या:

- इस प्रक्रिया के दौरान वायरस के आनुवंशिक अनुक्रम में कोई भी परिवर्तन, उत्परिवर्तन यानी म्यूटेशन के रूप में जाना जाता है।
  - जब कोई वायरस अपनी प्रतिकृति बनाता है तो वह हमेशा अपनी एक सटीक प्रतिकृति नहीं बना पाता है।
  - इसका तात्पर्य यह है कि समय के साथ वायरस अपने आनुवंशिक अनुक्रम के संदर्भ में थोड़ा भिन्न होना शुरू कर सकता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- नए म्यूटेशन वाले वायरस को कभी-कभी वेरिएंट कहा जाता है। वेरिएंट एक या कई म्यूटेशन से भिन्न हो सकते हैं।
  - जब एक नए वेरिएंट में मूल वायरस की तुलना में अलग-अलग कार्यात्मक गुण होते हैं और यह जन आबादी के बीच अपना स्थान बना लेता है, तो इसे कभी-कभी वायरस के नए स्ट्रेन के रूप में जाना जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**

नोट :

61.

उत्तर: A

व्याख्या

'ज़ीरो डिफेक्ट, ज़ीरो इफेक्ट' स्कीम

- सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा वर्ष 2016 में शुरू की गई यह योजना एक एकीकृत और व्यापक प्रमाणन प्रणाली है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- यह योजना उत्पादों और प्रक्रियाओं दोनों में उत्पादकता, गुणवत्ता, प्रदूषण शमन, ऊर्जा दक्षता, वित्तीय स्थिति, मानव संसाधन तथा डिज़ाइन एवं बौद्धिक संपदा अधिकार सहित तकनीकी रूप से सक्षम बनाने हेतु उत्तरदायी है।
- इसका मिशन 'ज़ीरो डिफेक्ट, ज़ीरो प्रभाव' के सिद्धांतों के आधार पर भारत में 'ZED' संस्कृति को विकसित और कार्यान्वित करना है।
- ज़ीरो डिफेक्ट
  - ज़ीरो डिफेक्ट अवधारणा ग्राहक केंद्रित है।
  - शून्य गैर-अनुरूपता या गैर-अनुपालन
  - शून्य अपशिष्ट
- ज़ीरो इफेक्ट
  - शून्य वायु प्रदूषण, तरल निर्वहन, ठोस अपशिष्ट
  - प्राकृतिक संसाधनों का शून्य अपव्यय **अतः कथन 1 सही है।**

62.

उत्तर: A

व्याख्या

- परिसीमन आयोग का गठन भारत के राष्ट्रपति द्वारा किया जाता है और यह भारतीय निर्वाचन आयोग के सहयोग से काम करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत में परिसीमन आयोग एक उच्च निकाय है, जिसके आदेश संसद के कानून के समान होते हैं और इसे किसी भी न्यायालय के समक्ष प्रश्नगत नहीं किया जा सकता है।
- संरचना:
  - सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश
  - मुख्य चुनाव आयुक्त
  - संबंधित राज्य चुनाव आयुक्त
- वर्ष 1952, वर्ष 1962, वर्ष 1972 और वर्ष 2002 के अधिनियमों के तहत चार बार परिसीमन आयोगों का गठन किया गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - पहला परिसीमन अभ्यास राष्ट्रपति द्वारा (चुनाव आयोग की मदद से) वर्ष 1950-51 में किया गया था।
  - वर्ष 1981 और वर्ष 1991 की जनगणना के बाद कोई परिसीमन नहीं हुआ।

63.

उत्तर:D

व्याख्या:

- हाल ही में जल शक्ति मंत्रालय द्वारा इंडिया यंग वाटर प्रोफेशनल प्रोग्राम (India Young Water Professional Programme) के पहले संस्करण की शुरुआत की गई।

नोट :

- यह कार्यक्रम ऑस्ट्रेलिया-भारत जल संबंधों में एक महत्त्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भविष्य का जल नेतृत्वकर्त्ता तैयार करना है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - यह कार्यक्रम राष्ट्रीय जल विज्ञान परियोजना के तहत शुरू किया गया है। इसे ऑस्ट्रेलिया-इंडिया वाटर सेंटर (ऑस्ट्रेलियाई और भारतीय विश्वविद्यालयों का एक संघ) द्वारा कार्यान्वित किया जाएगा। **अत: कथन 2 सही है।**
- वर्ष 2016 में इसे जल शक्ति मंत्रालय द्वारा केंद्रीय क्षेत्र की योजना के रूप में शुरू किया गया था और यह विश्व बैंक द्वारा समर्थित है। **अत: कथन 3 सही है।**

64.

उत्तर: D

व्याख्या:

भारत का राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर के तीन वृहद आयामों में परिवारों द्वारा सामना किये जाने वाले कई अभावों को दर्शाता है। राष्ट्रीय एमपीआई आयाम, संकेतक और भार नीचे दिये गए हैं: **अत: विकल्प D सही है।**

65.

उत्तर: A

व्याख्या

- फिएट मनी (Fiat money) एक सरकार द्वारा जारी मुद्रा है जो सोने जैसी कमोडिटी द्वारा समर्थित नहीं है।
- फिएट मनी केंद्रीय बैंकों को अर्थव्यवस्था पर अधिक नियंत्रण देती है क्योंकि वे नियंत्रित कर सकते हैं कि कितना पैसा छपा है।
- फिएट मनी का आंतरिक मूल्य नहीं होता, अत: इसका उपयोग मूल्य नहीं है। इसका मूल्य केवल इसलिये है क्योंकि जो लोग इसे विनिमय के माध्यम के रूप में उपयोग करते हैं, वे इसके मूल्य पर सहमत होते हैं।
- फिएट मनी कमोडिटी मनी का एक विकल्प है। कमोडिटी मनी एक ऐसी मुद्रा है जिसका आंतरिक मूल्य होता है क्योंकि यह सोने या चांदी जैसी कीमती धातु से समर्थित है। **अत: विकल्प A सही है।**

नोट :